तो अचानक सारी व्यवस्थाएं करने में मुश्किलें आ सकती हैं।लगभग प्रत्येक राज्य की सेवाओं में पूर्व सैनिकों के लिए तृतीय श्रेणी में पांच फीसदी से 15 फीसदी तक आरक्षण की व्यवस्था है। उत्तर प्रदेश में यह आरक्षण पांच फीसदी है। जातीय एजेंडे की सरकारों ने उत्तर प्रदेश की सिविल सेवा में पूर्व सैनिकों के आरक्षण को जातीय कोटे में बांट दिया है। अब तक जो सैनिक बिना जातीय आरक्षण के सेना में रहे, उन्हें अब राज्य सरकार की सेवाओं में समायोजन के लिए अपनी जाति बतानी पड़ रही है, जाति-प्रमाणपत्र लेना पड़ रहा है। इन संशोधनों के चलते पहले से चला आ रहा चयन बाधित हो गया है। दूसरी ओर, व्यवस्थागत कमियों के कारण तृतीय श्रेणी में आरक्षण कोटे का पूरी तरह भरा जाना संभव नहीं हो पाता। हालांकि योगी सरकार में स्थिति पहले से कहीं बेहतर हुई है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर समरूप नीतिगत दखल की आवश्यकता है।उधर हथियारों के लाइसेंस मिलने में भी अलग-अलग राज्यों में समस्याएं हैं। नतीजतन सुरक्षा गार्ड की नौकरी मिलने में भी मुश्किलें हो जाती हैं। प्रत्येक पूर्व सैनिक को पेंशन फंड की तरह एक शस्त्र के लाइसेंस का अधिकार भी सेवानिवृत्ति लाभ की तरह दिया जाना चाहिए। पूर्व सैनिकों के पास शस्त्र होने से उनके गांव या मुहल्लों, जहां वे रहते हैं, के नागरिकों को सुरक्षा का आभास होता है।पूर्व सैनिक प्रशिक्षित मानव शक्ति हैं, जो सिविल में पुलिस, सशस्त्र पुलिस, होमगार्ड, वन विभाग, वायरलेस ऑपरेशन, अग्निशमन, नागरिक सुरक्षा आदि विभागों में कई दायित्वों को बखूबी निभा सकते हैं। उनके आने से विभागीय कार्यक्षमताओं में वृद्धि ही होगी। नगर प्रबंधन, ग्राम स्तरीय योजनाओं के संचालन, शिक्षा व्यवस्था आदि में उनकी सक्रिय भागीदारी हो सकती है। पूर्व सैनिक कल्याण निदेशालय में वह प्रशासनिक शक्ति नहीं है, जिसके तहत वे विभिन्न विभागों से आरक्षित कोटे के भरे जाने के संबंध में प्रगति विवरण मांग सकें। पूर्व सैनिकों के रोजगार, स्थानीय समस्याओं यथा भूमि-विवादों संबंधी विषयों का भी त्वरित समाधान होता नहीं देखा गया है।आधारभूत समस्या यह है कि पूर्व सैनिकों के लिए एक अधिकार प्राप्त मंत्रालय न होने के कारण न तो उच्च स्तरीय समीक्षाएं हो पाती हैं, और न ही विभिन्न विभागों में रिक्तियों की स्थिति का पता चल पाता है। नतीजतन समस्याओं के समाधान के नीतिगत रास्ते नहीं बन पाते। उदाहरण के लिए, पुलिस, वन विभाग, होमगार्ड, शिक्षा आदि कई विभागों में नियुक्तियों केअवसर आते रहते हैं।

## कैंसर से जंग के नए हथियार, इम्यूनोथेरेपी ने जगाई नई उम्मीदें

इम्यूनोथेरेपी कैंसर से जंग का नया हथियार बन रही है। इसका उद्देश्य कैंसर कोशिकाओं को पहचानना और उनसे लड़ने की क्षमता विकसित करना है।ब्रिटेन ने कैंसर की वैक्सीन तैयार कर ली है और इम्यूनोथेरेपी कैंसर से जंग का नया हथियार बन रही है। अब इससे जानलेवा कैंसर पर लगाम लगाई जा सकती है। ब्रिटेन में कैंसर वैक्सीन का फ्री ट्रायल शुरू हो चुका है। इसका मुख्य उद्देश्य व्यक्ति के शरीर में कैंसर कोशिकाओं



की पहचान करना और उनसे लड़ने की क्षमता विकसित करना है। अभी इसका क्लीनिकल ट्रायल चल रहा है, जिसके तहत एक 81 साल के एक मरीज को इसकी पहली खुराक दी गई है।चिकित्सा विज्ञान में आजकल कई अलग-अलग पद्धतियों से कैंसर का उपचार किया जाता है, जो कई मामलों में कारगर भी साबित हो रही हैं। कुछ इसी तरह से इन दिनों इम्यूनोथेरेपी का इस्तेमाल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज में भी किया जा रहा है। इसमें हमारे शरीर की इम्यूनिटी को कैंसर कोशिकाओं से लड़ने के लिए मजबूत बनाया जाता है।यह उपचार प्रणाली रोगी के इम्यून सिस्टम में सामान्य ट्यूमर मार्कर पेश करने के लिए मैसेंजर आरएनए का उपयोग करती है। इसका लक्ष्य इम्यून सिस्टम को इस प्रकार से विकसित करना है कि वह इन कैंसर कोशिकाओं को पहचान कर उनका मुकाबला कर सके। इसका काम संभावित रूप से उन कोशिकाओं को नष्ट करना है, जो प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को दबा सकती हैं। मॉडर्ना-यूके स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप के सहयोग से आयोजित इंपीरियल कॉलेज का परीक्षण यूके में एमआरएनए वैक्सीन निर्माण करने और भविष्य की स्वास्थ्य आपात स्थितियों के लिए तैयारियों को बढ़ाने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है।

## खर्च और बचत की अमेरिकी पहेली जो कोविड के बाद भी बनी हुई है मजबूती का पिटारा

विश्व की सबसे शक्तिशाली अर्थव्यवस्था में मंदी की आहट बेशक सुनाई दे रही हो, परिवारों की कम होती बचतें जिसकी तस्दीक भी कर रही हों, लेकिन कोविड के बाद से जिस तरह परिवारों के खर्चों का पैटर्न बदला है, वह बताता है कि अमेरिका अब भी मजबूत बना हुआ है।अगर अमेरिका में इस वर्ष मंदी आती है, तो इसकी वजह शायद यह नहीं होगी कि उपभोक्ताओं की खर्च करने की शक्ति एकाएक कम हो गई। हां, अगर बेरोजगारी अचानक ही बढ़ जाती है, तो यह अलग बात होगी। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के कुछ संकेत बताते हैं कि उपभोक्ता बेहतर स्थिति में हैं, हालांकि सबसे कमजोर समूहों के लिए जीवन कठिन होता जा रहा है। आर्थिक भविष्यवाणी करने वाली संस्था ऑक्सफोर्ड इकनॉमिक्स के उप मुख्य अमेरिकी अर्थशास्त्री माइकल पीयर्स ने पिछले हफ्ते मुझे बताया कि आर्थिक मुश्किलें देखनी हैं, तो कहीं और देखिए, अमेरिका के परिवारों में यह मिलने वाली नहीं। क्या यह सच है? क्योंकि आंकड़े तो कुछ और ही कह रहे हैं। व्यक्तिगत बचत दर दिसंबर में गिरकर व्यक्तिगत प्रयोज्य आय (करों का भुगतान करने के बाद बची आय) के 3.7 फीसदी पर आ गई है, जो 2022 की गिरावट को छोड़कर 2008 के बाद से सबसे कम थी।उपभोक्ता वित्तीय संरक्षण ब्यूरो ने अपनी दिसंबर की रिपोर्ट में बताया कि भले ही वर्ष 2023 में उपभोक्ता वित्तीय रूप से 2019 की तुलना में औसतन बेहतर स्थिति में थे, लेकिन रुझान नकारात्मक था। नेशनल फाउंडेशन फॉर क्रेडिट काउंसलिंग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने पिछले हफ्ते कहा कि 'हालांकि अर्थव्यवस्था में सुधार के कुछ संकेत हैं, लेकिन हमारा अनुभव बताता है कि कई परिवार अपने बैंक खातों में इस सुधार का असर नहीं देखते हैं।' लेकिन, सभी खबरें बुरी नहीं हैं। पिछले वर्ष फेडरल रिजर्व के अर्थशास्त्रियों ने एक अध्ययन किया था, जिसमें 'अतिरिक्त' बचत की शेष राशि का अनुमान लगाया था। 'अतिरिक्त' बचत सामान्य से अधिक उस बचत को कहा गया, जो घरों में महामारी के दौरान जमा हुई थी, जब बहुत सारी प्रोत्साहन राशि आ रही थी और इसे खर्च करने के अवसर अपेक्षाकृत कम थे।अतिरिक्त बचत को मापना सामान्य



बचत की परिभाषा पर निर्भर है, जो मुश्किल है। फेड के अध्ययन ने पाया कि यदि आप 1950 के बाद से पूरी अवधि के लिए बचत पैटर्न का उपयोग करके सामान्य बचत को परिभाषित करते हैं, तो अतिरिक्त बचत निश्चित ही बढ़ी है। पर अगर आप 1990 के पैटर्न का उपयोग करते हैं, तो परिवारों के पास अब भी अमेरिका की जीडीपी का चार फीसदी बचत के रूप में है, जिससे उनके पास खर्च करने की पर्याप्त शक्ति बची हुई है। भले ही आप अतिरिक्त बचत का सटीक आंकड़ा पाने में कामयाब हो जाएं, फिर भी आर्थिक दृष्टिकोण के बारे में बहुत ज्यादा नहीं जान पाएंगे, क्योंकि बचत और खर्च के बीच संबंध पेचीदा है।फेडरल रिजर्व बैंक ऑफ रिचमंड के एक वरिष्ठ नीति-अर्थशास्त्री जॉन ओ'ट्रैकॉन ने बताया कि 'बचत दर में कुछ हद तक वह आकर्षण नहीं है कि हम सामान्य बचत पर विचार कर सकें।' खर्च करने के लिए धन भी मायने रखता है। शेयर बाजार और आवास बाजार में उछाल ने लोगों को अमीर होने का अहसास कराया है, जिसने उन्हें खर्च करने के लिए प्रोत्साहित किया है। ओ'ट्रैकॉन ने बताया कि 'महामारी के बाद से संपत्ति के मूल्य में वृद्धि हमें बताती है कि कुछ समय के लिए खर्च का स्तर महामारी से पहले की तुलना में बढ़ जाएगा।'हालांकि बढ़ती संपत्ति से सबको समान या लगातार लाभ नहीं हुआ है। 2022 के बाद से कुछ बड़े बदलाव हुए हैं। एक आंकड़ा बताता है कि आय के हिसाब से करीब पांच फीसदी परिवारों को 2022 की तीसरी तिमाही के दौरान महामारी की शुरुआत से सबसे बड़ा धन लाभ हुआ था, लेकिन उसके बाद से लगभग कोई लाभ नहीं हुआ। दूसरा आंकड़ा बताता है कि जिन परिवारों के मुखिया 40 वर्ष से कम उम्र के हैं, उन्हें पहली अवधि में संपत्ति में काफी लाभ हुआ, लेकिन उसके बाद बहुत कम। इससे यह बात समझ में आती है कि महामारी के दौरान युवा परिवारों को प्रोत्साहन राशि मिलने की संभावना अधिक थी। लेकिन उनके पास अपना घर या स्टॉक रखने की संभावना नहीं थी, इसलिए संपत्ति बाजार में उछाल का उन्हें उतना लाभ नहीं हुआ।यदि परिवारों की संपत्ति का मूल्य नहीं बढ़ा, तो उनके द्वारा खर्च में कटौती की आशंका अधिक रहेगी। अपना पहला घर खरीदने की उम्मीद कर रहे लोग ऊंची कीमतों और ऊंची गिरवी (ब्याज) दरों से पहले ही परेशान हो चुके हैं।निम्न आय वाले परिवारों पर तनाव कितना ज्यादा है, इसका संकेत क्रेटिड कार्ड और वाहन ऋणों की चूक में वृद्धि से मिलता है। अच्छी खबर यह है कि 50,000 डॉलर से कम वार्षिक आय वाले परिवार अब भी अपने क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल उतना नहीं कर रहे हैं, जितना वे महामारी की चपेट में आने से पहले करते थे, जैसा कि बैंक ऑफ अमेरिका के आंतरिक आंकड़ों से भी पता चलता है। बैंक ऑफ अमेरिका इंस्टीट्यूट ने इस महीने अपनी रिपोर्ट में कहा, 'हमें लगता है कि उपभोक्ताओं के पास अपने खर्च का समर्थन करने के लिए 'आपातकालीन कोष' बचा रहेगा।' श्रम सांख्यिकी ब्यूरो द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों से पता चलता है कि कम आय वाले परिवार अपनी आय का अधिक हिस्सा किराये, स्वास्थ्य बीमा और अन्य जरूरतों पर खर्च करते हैं, जबकि उच्च आय वाले परिवार वित्तीय सेवाओं पर अपेक्षाकृत अधिक खर्च करते हैं और जिसे 'अर्थशास्त्री ऑनर इक्विवैलेंट रेंट' (ओईआर) कहते हैं, जो इस बात का अनुमान है कि अगर मकान मालिक किरायेदार होते, तो अपने आवास के लिए उन्हें कितना भुगतान करना होता। ऑक्सफोर्ड इकनॉमिक्स के अध्ययन के अनुसार, जबसे महामारी शुरू हुई, सबसे निचले पायदान पर रहने वाले एक-तिहाई लोगों के समूह की मुद्रास्फीति से समायोजित आय ज्यादा बढ़ी है, जबकि उच्च आय वाले एक-तिहाई लोगों की कमाई सबसे कम बढ़ी है।कुल मिलाकर, तस्वीर मिली-जुली है। निम्न आय वाले परिवारों को आवास और शेयर बाजार से प्राप्त लाभ में पूरी तरह से हिस्सेदारी नहीं मिली, लेकिन मुद्रास्फीति समायोजित आय में उनकी हिस्सेदारी अधिक है। समग्र रूप से ऐसा लगता है कि भले ही परिवारों की बचत में कमी हुई हो, लेकिन अमेरिकी उपभोक्ता बेहतर स्थिति में हैं।

## मुसलमान, मोदी और भाजपा की सधी हुई चाल, भगवा राजनीति निहाल

मोदी सरकार की लाभार्थी योजनाएं बिना किसी भेदभाव के संचालित हो रही हैं। उज्ज्वला योजना, आवास योजना, गरीब कल्याण योजना व अन्य योजनाओं में वास्तव में मुस्लिम भागीदारी अपनी जनसंख्या के अनुपात में अधिक ही है।राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य में मुसलमान, मोदी और भाजपा जैसे शब्दों के रिश्ते सामान्य रूप से नहीं लिए जाते। धारणा है कि जहां मुस्लिम समुदाय भाजपा को मुस्लिम विरोधी मानता है, वहीं मुस्लिम समुदाय एकजुट होकर उसको चुनाव में हराने के लिए लामबंद हो जाता है। ऐसे में, दोनों



तरफ से एक संदेह की खाई का गहरा होना स्वाभाविक है। लेकिन हालात अब पहले जैसे नहीं हैं। आगामी 2024 का लोकसभा चुनाव एक अवसर है, जब बर्फ पिघलने की तरफ सकारात्मक पहल होनी चाहिए।पसमांदा समाज, कुल मुस्लिम समुदाय का लगभग 70-80 फीसदी है। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक ओडिशा (2017), हैदराबाद (2022), दिल्ली (2023) और फिर भोपाल में जुलाई, 2023 की एक सार्वजनिक सभा में पसमांदा समाज के लिए सामाजिक न्याय का मुद्दा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुलकर उठाया है। भाजपा पसमांदा समाज को कुलीन मुस्लिम समुदाय के चंगुल से निकालना चाहती है। इसी क्रम में पहल करते हुए भाजपा ने उत्तर प्रदेश के स्थानीय निकाय के चुनाव में 300 टिकट मुस्लिम समुदाय को दिए, जिसमें से करीब 60 विजयी हुए। मुस्लिम बहुसंख्यक रामपुर लोकसभा और स्वार विधानसभा के उपचुनाव और त्रिपुरा के बौक्सनगर उपचुनाव में सफलता भी उसे मिली। भाजपा द्वारा उत्तर प्रदेश में दो पसमांदा मुस्लिम भी विधान परिषद में नामित किए गए। दूसरी तरफ देश की लगभग नौ करोड़ मुस्लिम महिलाओं को ट्रिपल तलाक से मुक्ति दिलाई गई। यह कुप्रथा अब खाड़ी के मुस्लिम देशों में भी प्रचलित नहीं है।मोदी सरकार की लाभार्थी योजनाएं बिना किसी भेदभाव के संचालित हो रही हैं। उज्ज्वला योजना, आवास योजना, गरीब कल्याण योजना व अन्य योजनाओं में वास्तव में मुस्लिम भागीदारी अपनी जनसंख्या के अनुपात में अधिक ही है। जैसे उत्तर प्रदेश में मुस्लिम जनसंख्या 18 फीसदी है, वहीं लाभार्थियों में उनकी संख्या लगभग 24 फीसदी है। पसमांदा मुस्लिम भारी संख्या में कुशल श्रमिक एवं कारीगर हैं और ऐसे में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत वह लाभान्वित होंगे।एक बात जरूर ध्यान देने योग्य है। बीते एक दशक में देश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ है। अगर नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के आंकड़ों को देखें, तो बीते 50 साल में यह दशक सबसे शांतिपूर्ण रहा है। एक गौरतलब बात और है, भारत के रिश्ते विभिन्न मुस्लिम देशों से निरंतर बेहतर हो रहे हैं। वर्तमान में भारत ने कई देशों-जैसे, सऊदी अरब, यूएई, मिस्र, इंडोनेशिया एवं अन्य पश्चिम और मध्य एशिया के देशों से मजबूत सामरिक सहभागिता स्थापित की है। भारत इस समय इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकनॉमिक कॉरिडोर में केंद्रीय भूमिका में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई इस्लामी देशों की यात्रा की है और कई देशों ने अपने यहां का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार उन्हें दिया है।वर्तमान में वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए जब रूस-यूक्रेन, इस्राइल-फलस्तीन, आतंकवाद, चीन का नकारात्मक पड़ोसी रवैया सामने है, ऐसे में, भारत को एक स्थायी और मजबूत नेतृत्व चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर चुनौतीपूर्ण अवसर पर यह साबित किया है। इससे इतर, अगर आप 1990 के दशक की गठजोड़ वाली सरकारों के कार्यकालों को देखेंगे, तो उस दौरान देश को काफी सामरिक क्षति हुई थी। दूसरी तरफ, विपक्ष के तमाम राजनीतिक दल आज भी वंशवाद से ग्रसित हैं। ऐसे में, इन दलों के सामने पारिवारिक हित पहले रहता है। हाल में मोदी सरकार ने अपनी कार्य-प्रणाली से वैश्विक स्तर पर छाप छोड़ी है।लिहाजा यह उपयुक्त होगा कि मुस्लिम समुदाय भाजपा को उसके शासन, उपलब्धि और राष्ट्र प्रथम की अवधारणा की कसौटी पर देखे। कुछ ही महीनों बाद होने वाले 2024 लोकसभा चुनाव देश के मुस्लिम समुदाय के लिए एक मौका है, जब वह पुरातन जकड़न से स्वतंत्र होकर भाजपा और मोदी के साथ एक नए रिश्ते का सूत्रपात कर सकते हैं।

## संघीय मूल्यों की खातिर टालने होंगे टकराव के हालात, जरूरी है असहमति को सुनना और असंतोष का शमन

केंद्र सरकार और गैर-भाजपा शासित राज्यों के बीच अपने हितों को लेकर टकराव की स्थिति लगातार बढ़ती जा रही है। क्या राज्यों और संघ के बीच चल रहा मौजूदा विवाद वास्तव में हमारे देश के हित में है?वर्ष 2019 के बाद जब से नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी भारी बहुमत के साथ सत्ता में वापस लौटी है, केंद्र सरकार और गैर-भाजपा शासित राज्यों के बीच टकराव बढ़ गए हैं। विशेष रूप से



तीन राज्य इस संघर्ष के केंद्र में रहे हैं-पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल। सभी मामलों में केंद्र द्वारा नियुक्त राज्यपाल केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी की ओर से पक्षपातपूर्ण ढंग से काम करते प्रतीत होते हैं। इन राज्यों का दावा है कि केंद्र ने उन्हें उनके राज्य का पैसा देने से इनकार कर दिया है, उनके राज्य की सांस्कृतिक विरासत की उपेक्षा की है आदि।हाल के महीनों में दो अन्य राज्य असहमतों के इस क्लब में शामिल हो गए हैं। ये हैं- पंजाब और कर्नाटक, जहां क्रमशः आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की सरकार है। पंजाब के राज्यपाल वहां के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के साथ भिड़ गए। जहां तक कर्नाटक की बात है, पिछले मई में जब से कांग्रेस सत्ता में लौटी है, उसकी सरकार का केंद्र से कई बार टकराव हो चुका है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मोदी सरकार पर राजस्व के संबंध में कर्नाटक के खिलाफ भेदभाव करने और सूखे से प्रभावित किसानों की दुर्दशा के प्रति उदासीन रहने का आरोप लगाया है। हाल ही में सिद्धारमैया और शिवकुमार ने नई दिल्ली में जंतर मंतर पर एक विरोध बैठक आयोजित कर अपना मामला राष्ट्रीय राजधानी में उठाया। कुछ दिनों बाद केरल के मुख्यमंत्री ने अपने राज्य कीओर से इसी तरह के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया।केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और पंजाब में कुल मिलाकर 30 करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं। वे भारत की आबादी के पांचवें हिस्से से अधिक हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं लैंगिक समानता के मामले में केरल और तमिलनाडु देश के सबसे प्रगतिशील राज्यों में से हैं। तमिलनाडु एक औद्योगिक ऊर्जा केंद्र भी है। कर्नाटक लंबे समय से वैज्ञानिक शोध के मामले में अग्रणी रहा है और हाल के दशकों में सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव-प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में भी। जब हमारे ऊपर अंग्रेजों का शासन था, तब बंगाल के कुछ सबसे बहादुर लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया। आजादी के बाद से इस राज्य ने हमें कुछ बेहतरीन संगीतकार, फिल्म निर्माता और विद्वान दिए हैं। पंजाब के सिखों ने हमारी खाद्य सुरक्षा और हमारे सशस्त्र बलों में आनुपातिक रूप से भारत के किसी भी अन्य समुदाय की तुलना में कहीं अधिक योगदान किया है।पांच राज्य, जिनमें से प्रत्येक का हमारे देश के अतीत एवं वर्तमान में विविध और विशिष्ट योगदान है तथा प्रत्येक राज्य में भाजपा से भिन्न पार्टियों की सरकारें हैं, क्या राज्यों एवं संघ के बीच चल रहा मौजूदा विवाद वास्तव में हमारे देश के हित में है इससे पहले कि मैं उस प्रश्न का उत्तर दूं, हाल ही में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की कुछ टिप्पणियों पर ध्यान दें, जिनमें उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को संसद में लगातार तीसरी बार बहुमत न मिले। फरवरी की शुरुआत में अपने राज्य के अंतरिम बजट के दौरान रेड्डी ने कहा कि अगर केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी अपने अस्तित्व के लिए दूसरों दलों पर निर्भर रहती है तो आंध्र प्रदेश को विशेष दर्जा दिए जाने की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करने की बेहतर संभावना होगी। ममता बनर्जी, एमके स्टालिन या पिनरई विजयन के विपरीत आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कभी भी नरेंद्र मोदी, भाजपा या केंद्र सरकार के प्रति टकराव का रुख नहीं अपनाया। लेकिन अब वह भी गैर-भाजपा शासित राज्य सरकारों के प्रति मोदी सरकार के अहंकारी, दबंग और वास्तव में सत्तावादी रवैये को लेकर चिंतित दिख रहे हैं।हालांकि यह कहना मुश्किल है कि क्या जगन रेड्डी की धीरे-धीरे आलोचनात्मक मुद्रा और अधिक उग्र विरोध में तब्दील हो जाएगी या क्या तेलंगाना के नए कांग्रेसी मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, कर्नाटक में अपने पार्टी सहयोगियों के साथ मिलकर केंद्र से अधिक कर राजस्व और निष्पक्ष व्यवहार की मांग करेंगे। भले ही ये दोनों मुख्यमंत्री अलग रहें, लेकिन भाजपा के प्रभुत्व वाली केंद्र सरकार और गैर-भाजपा शासित राज्यों-पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक और पंजाब के बीच चल रहा टकराव बेहद चिंताजनक है, जो मुझे पहले पूछे गए प्रश्न पर वापस लाता है।इन टकरावों के कहां तक जाने की संभावना है? प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री के कथनी और करनी को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा किसी भी आधार पर इन राज्यों की मांगों को स्वीकार नहीं करना चाहती। इनके तीन तरीके हैं, जिनसे यह अन्य दलों द्वारा शासित राज्यों के हितों और इच्छाओं के खिलाफ खुद को और भी मजबूती से स्थापित करना चाहती है।पहला है, अपनी एड़ी-चोटी का जोर लगाना, और विपक्ष द्वारा नियंत्रित राज्यों को संसाधनों से वंचित करने और उनके स्वायत्त कामकाज पर और अधिक अंकुश लगाने के लिए उन शक्तियों का उपयोग करना, जिन्हें केंद्र ने कोविड महामारी के बाद से हड़प लिया था। दूसरा, नागरिकों से अगले विधानसभा चुनाव में अन्य पार्टियों के बजाय भाजपा को वोट देने के लिए कहना, इन राज्यों के निवासियों से वादा करना कि यदि वे 'डबल इंजन सरकार' चुनते हैं तो उनके साथ अधिक अनुकूल व्यवहार किया जाएगा। तीसरा है, सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग करके अन्य दलों के विधायकों को भाजपा में शामिल होने के लिए प्रेरित करना।ये तीनों तरीके अक्सर एक साथ काम करते हैं। भाजपा दो या दो से अधिक विपक्षी गठबंधन वाली राज्य सरकार को तोड़ने में सक्षम रही है, जैसा 2019 में कर्नाटक में, 2022 में महाराष्ट्र में, हाल ही में उसने बिहार में किया है। लेकिन जहां गैर-भाजपा पार्टी बहुमत में है, जैसे कि पश्चिम बंगाल, केरल या तमिलनाडु, वह सरकारगिराने में विफल रही है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल की वैध रूप से निर्वाचित सरकारों के खिलाफ केंद्र की स्पष्ट शत्रुता के परिणामस्वरूप कई बंगालियों, तमिलों और मलयाली लोगों में गहरी (और मेरे विचार से काफी हद तक उचित) नाराजगी है। गोदी मीडिया में भारत की संघीय व्यवस्था पर तनाव की कभी चर्चा नहीं होती। फिर भी विचारशील भारतीयों को पार्टी संबद्धता की परवाह किए बिना ऐसे मामलों पर अधिक ध्यान देना चाहिए, जो हमारे गणतंत्र के भविष्य के लिए कोई शुभ संकेत नहीं है।

# सौ ई फार्म- सी व फार्म एमएम -11 छापकर चेतन मामला

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** सदर कोतवाली परिसर में गिरफ्तार अपराधियों का प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा जनपद में अवैध उपखनिज की चोरी व बैगर परमिट उपखनिज का परिवहन करने वाले पासरो/अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पांडेय के निर्देशन में खनन विभाग व थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस की सयुंक्त टीम द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्र अन्तर्गत हिन्दुआरी तिराहे से 01 अदद ट्रक संख्या ळझ् 64 ँऊ 6089 में गिट्टी लोड व कूटरचित नकली परमिट के साथ 03 नफर अभियुक्त 1.चेतन पाल पुत्र राम शरन पाल निवासी बहुअरा, थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 32 वर्ष 2. एहसान पुत्र नजीर शाह निवासी बहुअरा, पुरानी बस्ती, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र 3. राहुल मौर्य पुत्र मुरलीधर निवासी धौरहरा, थाना करमा, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर लिया गया । उक्त के सम्बन्ध मे थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0 158/2024 धारा 379, 411, 420, 467, 468, 471 भादवि व 3/58/72 उ0प्र0 उप खनिज नियमावली 2021, 4/21 खान व खनिज अधिनियम 1957 व 3 सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पूरी घटना का संक्षिप्त विवरण- खनन विभाग व थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस की सयुंक्त टीम द्वारा अथक परिश्रम व पूर्ण मनोयोग से आसूचना संकलन तैयार किया गया । इसी क्रम मे दिनांक 01.03.2024 को वाहन चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर सूचना मिली एक ट्रक संख्या ळझ् 64 ँऊ 6089 जिसपर गिट्टी लदी हुई जिसका मालिक एवं चालक नकली परमिट लेकर गाडी को पास कराने के लिए हिन्दुआरी तिराहे के पास खडा है जिसपर उक्त टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए हिन्दुआरी तिराहे से ट्रक मालिक चेतन पाल पुत्र राम शरन पाल निवासी बहुअरा, थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 32 वर्ष व ट्रक चालक एहसान पुत्र नजीर शाह निवासी बहुअरा, पुरानी बस्ती, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर लिया गया । गिरफ्तार ट्रक स्वामी व चालक की निशानदेही पर करमा स्थित कूटरचित ई-प्रपत्र (नकली परमिट) तैयार करने वाले मास्टर माइंड राहुल मौर्या जिसका ज्योति प्रिन्टिंग प्रेस धौरहरा करमा में है जिससे नकली ई- फार्म सी व एमएम 11 असली जैसा बनाकर नकली क्यूआर कोड जनरेट कर कैलिस्टो एमटी फांट से असली जैसा छापकर कोराल डान एप के माध्यम से प्रिन्ट कर अब तक इस तरीके से कई गाड़ियो को पास कराया गया है । गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 12 अदद ब्लैन्क सिक्योरिटी पेपर, 13 अदद कूटरचित ई फार्म सी, 01 अदद मानिटर, 01 अदद सीपीयू, 01 एक अदद लेजर जेट प्रिन्टर, 01 अदद लैपटाप व 32660/- रुपये नकद बरामद किया गया ।पूछताछ का विवरण- गिरफ्तार अभियुक्त राहुल मौर्या ने पूछताछ में बताया कि चेतन पाल एवं पप्पू पाल मेरे प्रेस पर आकर इस प्रकार के प्रपत्र की छपाई कराकर मुझे प्रति प्रपत्र 2000/- रू0 देते है । पप्पू पाल एवं चेतन द्वारा उक्त छपाई हेतु पेपर मुझे उपलब्ध कराया जाता है । अपनी दूकान पर रखे मॉनीटर, कम्प्यूटर सेट व लैपटाप को दिखाते हुए राहुल ने बताया कि यही कम्प्यूटर सेट है जिससे मैं यह प्रपत्र मैं कैलिस्टो एमटी फांट से छापकर कोराल डान के ऐप से तैयार करता हूँ । अभी भी कुछ प्रिंट किये प्रपत्र मेरे पास हैं एवं चेतन व पप्पू पाल,राजा चौबे के द्वारा दिये गये ब्लैंक सिक्योरिटी पेपर भी मेरे पास हैं । मैं इसी क्म्प्यूटर सेट व लैपटाप प्रिंटर व अपनी मोबाइल से इस पेपर को एडिट करके बनाता हूँ । मुझे अपनी आवश्यकता के अनुसार चेतन व पप्पू व राजा चौबे द्वारा गाड़ियो के विवरण उपलब्ध कराया जाता है एवं मेरे द्वारा साइट पर उपलब्ध ई फार्म- सी को एडिट करके उसके गाड़ी नम्बर, दिनांक, बैधता एवं खनिज की लिमिट को बदल कर उसपर क्यू आर कोड को छाप दिया जाता है । यह कार्य हमलोग कई महीनों से कर रहे हैं एवं मेरे द्वारा कई सौ ई फार्म- सी व फार्म एमएम -11 छापकर चेतन, पप्पू पाल व राजा चौबे को दिया गया है । इस बात की जानकारी हमलोगों व गाड़ी के चालकों को रहती है । **गिरफ्तार हुए अभियुक्तगण का** 1.चेतन पाल पुत्र राम शरन पाल निवासी बहुअरा, थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 32 वर्ष ।2.एहसान पुत्र नजीर शाह निवासी बहुअरा, पुरानी बस्ती, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र ।3.राहुल मौर्य पुत्र मुरलीधर निवासी धौरहरा, थाना करमा, जनपद सोनभद्र । **वांछित अभियुक्तगण-**1.पप्पू पाल पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात ।2.राजा चौबे पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात ।3.कृष्णा केशरी पुत्र विष्णु केशरी निवासी ओबरा, थाना ओबरा, जनपद सोनभद ।**समान बरामदगी विवरण** 1.एक अदद ट्रक संख्या ळझ् 64 ँऊ 6089 16 चक्का पर गिट्टी लदी हुई ।2.12 अदद ब्लैन्क सिक्योरिटी पेपर ।3.13 अदद कूटरचित ई फार्म सी 4.01 अदद मानिटर, 01 अदद सीपीयू, 01 एक अदद लेजर जेट प्रिन्टर, 01 अदद लैपटाप, 03 अदद मोबाईल फोन, 09 अदद भिन्न भिन्न प्लान्ट की टैक्स इनवाईस ।5.कुल 32660/- रुपये नगद बरामद ।**पुलिस टीम का में**1.प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार राय, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र । 2.उ0नि0 राकेश कुमार सिंह, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र । 3.उ0नि0 रामसिंहासन शर्मा, चौकी प्रभारी कस्बा, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र । 4.क0आ0 सुशील कुमार, का0 रमेश कुमार, का0 अल्पित सोनकर, का0 लवकुश ख?वार, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र ।

# मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री ने दीप प्रज्जवलित कर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।**मीरजापुर 24 फरवरी 2024- समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह



योजना का वृहद कार्यक्रम (मेगा इवेन्ट के रूप में) राजकीय इण्टरमीडिएट कालेज, महुवरिया मीरजापुर में आयोजित किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न विकास खण्ड के कुल 377 जोड़ों का सामूहिक विवाह सकुषल सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल, मा0 विधायक छानबे श्रीमती रिंकी कोल, श्री विशाल कुमार मुख्य विकास अधिकारी, जिला अध्यक्ष अपना दल एस इंजीनियर राम लौटन बिन्द, मा0 अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्री श्याम सुन्दर केशरी ने दीप प्रज्जवजित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार ने अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेष सरकार आर्थिक रूप से गरीब परिवारों के उत्थान एवं विकास हेतु प्रतिबद्ध है एवं सरकार द्वारा आर्थिक रूप से गरीब परिवारों, बेसहरा व्यक्तियों के बहुत सी कल्याणकारी योजनायें चलायी जा रही है, जिसमें मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत ऐसे माता-पिता जो आर्थिक रूप से अपनी पुत्री की शादी करने में सक्षम नहीं है, वह सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्राप्त कर अपनी पुत्रियों की शादी करा पा रहे है। साथ ही मा0 मुख्यमंत्री जी को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित करने के लिये आभार व्यक्त किया, कार्यक्रम में उपस्थित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना को सकुषल सम्पन्न कराये जाने के लिये शुभकामनायें भी दी।

# दर और बाहर लोकतंत्र में विश्वास रखती है:संजीव कुमार गोंड

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा चल रहे अभियान के अंतर्गत संकल्प पत्र सुझाव विकसित भारत मोदी की गारन्टी कार्यक्रम का शुभारंम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यालय राबट्र्सगंज से किया गया। कार्यक्रम मे बतौर मुख्यअतिथि राज्यमंत्री उ0प्र0 सरकार संजीव कुमार गोंड, जिला प्रभारी अनिल सिंह , सदर विधायक भूपेश चौबे मौजूद रहे, कार्यक्रम का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी व संचालन जिला उपाध्यक्ष/कार्यक्रम संयोजक ओमप्रकाश दूबे ने किया।इस मौके मुख्यअतिथि संजीव कुमार गोंड ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र पार्टी है जो पार्टी के अंदर और बाहर लोकतंत्र में विश्वास रखती है. इसके तहत विकसित भारत की परिकल्पना जो पार्टी के द्वारा की गई है उसे पूरा करने के लिए पूरे देश के लोगों से सुझाव मांगे जा रहे हैं. विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान का उद्देश्य जन-जन की आकांक्षाओं को सीधा पीएम मोदी तक पहुंचाना है, ताकि वह भारत के विकसित भारत संकल्प पत्र का आधार बन सकें।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल/जिला प्रभारी अनिल सिंह जी ने कहा कि विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान से संबंधित पेटी हर विधानसभा क्षेत्र में रखी जाएगी. जिसमें आम लोग अपने सुझाव इस पेटी में लिखित रूप से रखेंगे इसके अलावा पार्टी ने नमो ऐप और मोबाइल नंबर 9090902024 को जारी किया है. पार्टी ने इस अभियान के लिए एलईडी प्रचार रथ भी शुरू किया है, जो प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जाकर सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से सुझाव मांगने का काम करेगा। सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि लोकसभा चुनाव के गहमागहमी के बीच भारतीय जनता पार्टी ने 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए देशवासियों से सुझाव मांगा है. आज भाजपा कार्यालय में विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश मिश्रा, अजीत चौबे, लोकसभा संयोजक अमरेश पटेल, सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत, रुबी प्रसाद, अशोक कुमार मौर्या, सागर मणी जी, जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता, रामसुन्दर निषाद, जिला मंत्री शंम्भू नारायण सिंह, संतोश शुक्ला, विनोद पटेल, अनूप तिवारी, पुष्पा सिंह, गुडिया त्रिपाठी सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निःशुल्क निदान कैंप का आयोजन 200 मरीज का हुआ इलाज

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।**आधुनिक जीवन की भाग दौड़, बढ़ती उम्र, खान पान की कमी के कारण आज लोगों में घुटनों एवं जोड़ो को का दर्द आम बात है इस



रोग को मददे नजर रखते हुए जनपद मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज के रामलीला मैदान के हाल में आई वी शाह चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सेल्वी हॉस्पिटल अहमदाबाद एवं अग्रसेन परिवार सोनभद्र के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित घुटनों एवं जोड़ों के दर्द के लिए आयोजित निशुल्क निदान कैंप मे विश्व प्रसिद्ध आर्थोपेडिक चिकित्सक डॉ विक्रम शाह, डॉक्टर वीरल गोडलिया, अमृत सिंह, डॉ रंजन पटेरिया (जोड़ रोग विशेषज्ञ) द्वारा 200 मरीज को निशुल्क परामर्श, दवा वितरण किया गया कार्यक्रम में कार्यक्रम के आयोजक अग्रसेन परिवार सोनभद्र के सतपाल जैन, धर्मराज जैन, पवन जैन, रामनिवास अग्रवाल संजय अग्रवाल, संजय अग्रवाल अमित जैन, अमित जैन, हर्ष अग्रवाल, पुनीत जैन, रामेश्वर जैन शाहिद अग्रसेन परिवार के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शशिभूषण मल्ल को संभाग प्रमुख काशी क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गयी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** श्रमिक हित भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश के 36 वां त्रैवार्षिक प्रदेश अधिवेशन सम्पन्न हुआ।
गौरतलब है कि स्थान श्रीराम आदर्श महाविद्यालय पनवारी, सिकन्दरा, आगरा मे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बी. एम. एस की क्या पहचान त्याग तपस्या और बलिदान। भारतीय मजदूर संघ में पूर्णकालिक संभाग प्रमुख काशी क्षेत्र का कार्य भार शशि भूषण मल्ल को दिया गया। कार्यालय व आवास पिशाच मोचन वाराणसी उत्तर प्रदेश। भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश का 36 वां त्रैवार्षिक अधिवेशन श्रीराम आदर्श महाविद्यालय पनवारी सिकन्दरा आगरा में सम्पन्न हुआ। भारतीय मजदूर संघ दुनिया का सबसे बडा मजदूरों का संगठन है जिसकी सोच राष्ट्र का औद्योगीकरण, उद्योगों का श्रमिकीकरण और श्रमिकों का राष्ट्रियकरण जिसकी पहचान त्याग, तपस्या और बलिदान हो ऐसे भारतीय मजदूर संघ ने मधुबन जनपद मऊ उत्तर प्रदेश के मूल निवासी शशिभूषण मल्ल को पूर्णकालिक कार्यकर्ता बनाकर संभाग प्रमुख काशी क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इनका कार्यालय और आवस नगर महापालिका क्वाटर्स पिशाच मोचन वाराणसी उत्तर प्रदेश है। इस अधिवेशन में भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश के हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# करमा ब्लॉक के शिक्षकों ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को विदाई दी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**करमा ।** शनिवार को करमा ब्लॉक के शिक्षकों ने करमा ब्लॉक के खण्ड



शिक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार यादव जी को विदाई दी। करमा ब्लॉक के सृजन के बाद खण्ड शिक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार कि प्रथम नियुक्ति भी इसी ब्लॉक में हुई थी। खण्ड शिक्षा अधिकारी अरविन्द जी ने नये ब्लॉक को अध्यापकों के साथ मिलकर ब्लॉक की शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ खेल विधा को बेहतर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने खण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यव्यवहार की प्रशंसा करते हुए उन्हें नये जिले व ब्लॉक में बेहतर ढंग से कार्य करने की शुभकामनाएं दी।खण्ड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि इस जनपद व ब्लॉक में अपने बेहतर कार्य अनुभव सभी के सामने रखा तथा सभी विनम्रता व लगन के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।इस मौके पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मण्डलीय अध्यक्ष रविभूषण सिंह, जिला महामंत्री धीरेन्द्र पति तिवारी, रविन्द्र बहादुर चौधरी, वकील अहमद खान, राजकुमार मौर्य, आशीष निरंजन, उमेश श्रीवास्तव, दिनेश सिंह, राधेश्याम पाल, नवीन राय, भोलानाथ, महेन्द्र दुबे, फूलकुमारी, बसंत, कृष्ण कांत, गोपाल सिंह कुशवाहा, अनुपमा सिंह, पूनम, भगवानी देवी,प्रदीप दुबे, वंदना मौर्य, श्रीनारायण वर्मा, संजय कुमार, अनवर हुसैन, प्रमोद आनंद, स्मिता पाल, सुषमा शुक्ला, अंशु सहित सैकड़ो की संख्या में शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक व अनुचर ने प्रतिभाग किया।

# 17 वर्षी अनूसुचित छात्र की हुई हत्या के मामले में सौपा पत्र

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।**कांग्रेस पार्टी पदाधिकारी में शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर राजपाल नामित ज्ञापन संबंधित विभाग अधिकारी को सौप वहीं जिला अध्यक्ष रामराज गोंड़ ने बताया कि कि जनपद रामपुर के सिलाईबारा गाँव के पार्क में बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर लगाने को लेकर हुये विवाद में 17 वर्षीय अनूसुचित जाति के सुमेश नाम के लड़के की पुलिस ने गोली मारकर हत्या कर दी, जो दसवीं बोर्ड की परीक्षा देकर घर लौट रहा था। सुमेश की मौत की परिस्थितियों को देखते हुये अधिकारियो ने गहन जाँच की आवश्यकता पर जोर दिया, लेकिन पुलिस ने सबूत छिपाने के लिये जल्दबाजी में अंतिम संस्कार कर दिया। सुमेश के परिजन रोते बिलखतें रहें, लेकिन उन्हे शव तक देखने को नही मिला। ऐसी स्थिति में जिला कांगेस कमेटी सोनभद्र ज्ञापन के माध्यम से आप से मॉग करती है कि दोषियों के खिलाफ तत्काल आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जावें। ताकि मृतक सुमेश के परिजनों को न्याय मिल सके। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष जगदीश मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष निगम मिश्रा ,ब्लॉक अध्यक्ष बंशीधर पांडेय, विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद चौधरी, दयाशंकर पांडे जिला सचिव, नाम वर कुशवाहा पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष पीसीसी सदस्य आदि लोग मौजूद रहे।



# आगामी 7 मार्च को आगरा में होगा महासम्मेलन तैयारी शुरू

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर अनुसूचित जाति मोर्चा के आगामी 7 मार्च को आगरा में अनुसूचित वर्ग महासम्मेलन को लेकर



जिला प्रभारी अनिल सिंह के नेतृत्व में बैठक की गई जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा अनुसूचित मोर्चा वर्ग के सभी पदाधिकारी द्वारा सहभागिता व जिम्मेदारियां का निर्वहन के साथ पद दायित्व की जिम्मेदारी सौंप गई। वही अध्यक्षता कर रहे अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष सरजू बैसवार ने सभी पदाधिकारी को बताया कि आगरा में होने वाले अनुसूचित वर्ग महासम्मेलन को लेकर संबंधित बूथ स्तर तक के पदाधिकारी को जिम्मेदारी दे दी गई है रूपरेखा तैयार करते हुए सब की सूची व लिस्ट बना ली गई है संबंधित को इस मामले से अवगत कराते हुए भी उनसे अपने-अपने क्षेत्र से चलने वाले व्यक्तियों के लिस्ट नाम भी उपलब्ध कराया जा रहा है जल्दी वह भी पूर्ण हो जाएगा वही अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारी के साथ मिली जिम्मेदारियां का सभी संगठन पदाधिकारी सम्मान करेंगे और उसके साथ ही उसका निर्वहन करते हुए आगामी 7 मार्च को आगरा में अनुसूचित वर्ग महासम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने के लिए अपनी तैयारी पूर्ण कर उपस्थिति दर्ज कराएंगे इस मौके पर दीपचंद महतो ,मणिकर्णिका कोल ,नीरज कनौजिया, रूपेश कुमार, राजन चौधरी, गीत देवी, पन्ना लाल पासवान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# थाना चोपन पुलिस को मिली बड़ी सफलता 50 ग्राम हेरोइन ( अनुमानित कीमत 10 लाख रू0 ) के साथ शातिर हेरोइन तस्कर गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** डा0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों व मादक पदार्थों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 02.03.2024 को समय प्रातः 11.13 बजे थाना चोपन पुलिस द्वारा झपरहवा मोड़ डाला से अभियुक्त विजय कुमार केवट उर्फ लल्लू पुत्र स्व0 रामबली केवट निवासी डाला चढाई थाना चोपन जनपद सोनभद्र के कब्जे से कुल 50 ग्राम हेरोइन बरामद कर गिरफ्तार किया गया । उक्त के सम्बन्ध में थाना चोपन पर मु0अ0सं0 48/2024 धारा 8/21 उइए ँ ू में गिरफ्तार कर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है । **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -** 1.विजय कुमार केवट उर्फ लल्लू पुत्र स्व0 रामबली केवट, निवासी डाला चढाई, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र । **अभियुक्त का पूर्व आपराधिक इतिहास-** 1.मु0अ0सं0- 287/2010 धारा- 8/20 थाना चोपन जनपद सोनभद्र । 2.मु0अ0सं0- 192/2018 धारा- 8/21 थाना चोपन जनपद सोनभद्र । 3.मु0अ0सं0- 124/2022 धारा- 8/20 थाना चोपन जनपद सोनभद्र । 4.मु0अ0सं0- 146/2023 धारा- 8/20 थाना चोपन जनपद सोनभद्र । **बरामदगी का विवरण -** 1. 50 ग्राम नाजायज हेरोइन । 2. 200 रू0 नगद बरामद । **गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण -** 1. निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना चोपन जनपद सोनभद्र । 2. उ0नि0 राजेश कुमार सिंह चौकी प्रभारी डाला थाना चोपन जनपद सोनभद्र । 3. हे0कां0 मंजेश कुमार सिंह चौकी डाला थाना चोपन जनपद सोनभद्र । 4. का0 रंजीत कुमार सरोज चौकी डाला थाना चोपन जनपद सोनभद्र ।



# थाना घोरावल पुलिस द्वारा, उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम से सम्बन्धित प्रकरण में एक नफर वांछित अभियुक्त, को किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी घोरावल के नेतृत्व में थाना घोरावल पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-23/2024 धारा 3/5ए/5बी/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम में वांछित चल रहे अभियुक्त हीरा यादव पुत्र सीता यादव निवासी ग्राम सोतिल थाना घोरावल जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 57 वर्ष को आज दिनांक 02.03.2024 को समय 07.25 बजे ग्राम गुरेठ मोड़ के पास से गिफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया । **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-** 1.हीरा यादव पुत्र सीता यादव निवासी ग्राम सोतिल थाना घोरावल जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 57 वर्ष । **गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीमः-** 1.प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल थाना घोरावल जनपद सोनभद्र । 2.उ0नि0 नवनीत कुमार चौरसिया चौकी प्रभारी उम्भा, थाना घोरावल जनपद सोनभद्र । 3.हे0का0 शेर बहादुर यादव चौकी उम्भा थाना घोरावल जनपद सोनभद्र । 4.हे0का0 इन्द्रेश यादव चौकी उम्भा थाना घोरावल जनपद सोनभद्र ।




# पार्टनर बनाने का झांसा देकर हड़प लिए पांच लाख

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** फ्लाई ब्रिक्स ईंट बनाने वाली फर्म में पार्टनर बनाकर मुनाफा दिलाने का झांसा देकर पांच लाख रुपये हड़पने के आरोप में पुलिस ने दंपती पर केस दर्ज किया है। सदर कोतवाली पुलिस एसपी के निर्देश पर केस दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।कम्हारी निवासी श्रीनिवास मिश्र ने तहरीर ने बताया कि शाहगंज के बरौली गांव निवासी शैलेश पाठक व उसकी पत्नी सीमा पाठक का उसके घर आना-जाना था। इस वजह से उनके परिवार से घनिष्ठता हो गई थी। अक्तूबर 2022 में दोनों उसके घर आए और अपने फ्लाई ब्रिक्स ईंट बनाने वाली फर्म में पार्टनर बनाने के लिए पांच लाख रुपये मांगे। इसके बदले अच्छा मुनाफा भी दिलाने का वादा किया। उनकी बातों में आकर वह, उसकी पत्नी और साले ने कई बार में पांच लाख रुपये उन्हें दे दिए। इसका अनुबंध भी किया, मगर बाद में कोई राशि नहीं दी गई। मांगने पर उनके रुपये भी नहीं दिए जा रहे।

# थाना मांची पुलिस द्वारा 05 नफर वारण्टियों को किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) व क्षेत्राधिकारी सदर के मार्गदर्शन में आज दिनांक-02.03.2024 को थाना मांची पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय जे0एम0 द्वारा निर्गत वारण्ट के क्रम में मु0न0-1086/2015 धारा 323, 504, 506 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्तगण क्रमशः 1. महेन्द्र पुत्र सागर 2. रामविलास पुत्र रामधनी 3. छोटई पुत्र बटेरी निवासीगण ग्राम दरेव, थाना मांची, सोनभद्र व मु0न0 7032/22 धारा 323, 504, 506 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त 4. मुन्ना अगरिया 5. भोला अगरिया पुत्रगण स्व0 रामवृक्ष अगरिया को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।



# डाला में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का हुआ उद्घाटन।

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**डाला सोनभद्र।** नगर के मलीन बस्ती में (निःशुल्क प्रशिक्षण केन्द्र महिलाओं हेतु) मां सिलाई सेंटर का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया।शुक्रवार को दोपहर बारह बजे के करीब नगर के डाला मलीन बस्ती वार्ड नंबर तीन चंदा दीदी के निवास स्थान पर संस्थापक - मंगला प्रसाद जयसवाल के सौजन्य से निःशुल्क प्रशिक्षण केन्द्र मां सिलाई सेंटर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सपा के पूर्व सदर विधायक अभिनाश कुशवाहा के द्वारा फिता काटकर किया गया जिसके उपरांत क्षेत्रीय महिलाओं में खुशी की लहर दौड़ गई जहां विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद सपा पूर्व विधायक अभिनाश कुशवाहा ने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु युवा समाजसेवी मंगला प्रसाद जायसवाल का यह सराहनीय कदम है। अपने हक अधिकार की जानकारी होने के लिए शिक्षित होना जरूरी है। शिक्षा के साथ रोजपरक स्वावलंबी बनाने के लिए यह महत्वपूर्ण दिशा है। अमीर व गरीब की खाईं धीरे धीरे कम होगी और उन्होंने कहा कि बस्ती से हमारा लगभग पंद्रह साल से एक रिस्ता बन गया जब से रिश्ता बना है उक्त समय से बस्ती के हित हेतु मैं हर दम खड़ा रहता हूं और भविष्य में भी खड़े रहेंगे।बस्ती को पुंजी पतियों ने कई बार उजाड़ने का प्रयास किया लेकिन हमारे शासन काल में मैंने पुंजी



जिलाध्यक्ष विजय यादव, सपा नगर अध्यक्ष पारस यादव समाजसेवी अखिलेश पांडेय, सपा वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने महिलाओं और बेटियों के आत्मनिर्भरता की ओर एक और कदम के पहल को सराहनीय कदम बताया कहा कि महिलाओं व असहाय बेटियों को निःशुल्क में प्रशिक्षण दिया जाना है जिससे नगर समेत आसपास के महिलाओं बच्चियों को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होगी जिससे उनकी आर्थिक एवं शैक्षिक योग्यता की बढ़ोतरी होगी।मुख्य अतिथि पूर्व सदर पतियों के योजनाओं को सफल नहीं होने दिया। बस्ती वासियों के उत्थान हेतु हम अक्सर प्रयासरत रहता हूं। मां सिलाई सेंटर के संस्थापक मंगल जायसवाल ने बताया कि मां सिलाई सेंटर कुशल शिक्षिका द्वारा सिलाई बुनाई प्रतिदिन दोपहर 03 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि भविष्य में डाला बाजार नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित 6 विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने अपने अपने कक्षा समेत नगर में प्रथम स्थान पाते हैं तो उन सभी छात्र छात्राओं को चांदी का मेडल देकर उत्सावर्धन किया जाएगा।

# रोडवेज बस डिपो में शिव मंदिर स्थापना दिवस पर हुआ भंडारा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** रोडवेज बस स्टेशन राबर्ट्सगंज (सोनभद्र डिपो) परिसर स्थित शिव मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भंडारा का आयोजन किया गया। इससे पहले रोडवेज बस स्टेशन के कर्मचारियों जनमानस के सहयोग से एक विशाल आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद होकर पूजा पाठ में सहभागिता दिखाएइसके बाद भंडारे की शुरुआत हुई। दोपहर में शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान बड़ी संख्या



ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिव जी का पूजा पाठ किया। वही एआरएम विश्राम सिंह ने बताया कि हर वर्ष की बात इस वर्ष भी भजन कीर्तन का आयोजन व पूजा पाठ किया गया जिसमें चालक पर चालक वह आम में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्था में डिपो के एआरएम विश्राम सिंह, प्रियंकर मिश्रा, संतोष जायसवाल, अमित जायसवाल, पप्पू बाबू, सतीष चंद्र उपाध्याय, विजय प्रताप सिंह आदि जुटे रहे।

# गैंग लीडर अंगद केवट समेत तीन दोषियों को १०- १० वर्ष की कैद

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी/सीएडब्ल्यू सोनभद्र परितोष श्रेष्ठ की अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में शुक्रवार को सुनवाई करते हुए गैंग लीडर अंगद केवट , सदस्य मुन्नीलाल पनिका और सदस्य श्यामलाल पनिका को दोषसिद्ध पाकर 10- 10 वर्ष की कैद एवं 10- 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं सामूहिक बलात्कार के मामले में संबंधित न्यायालय ने पूर्व में तीनों को आजीवन कारावास जीवन के अंतिम सांस तक के लिए और अर्थदंड की सजा सुनाई है।अभियोजन पक्ष के मुताबिक प्रभारी निरीक्षक देवतानंद सिंह ने बीजपुर थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि तीन सितंबर 2021 को वे पुलिस बल के साथ देखभाल क्षेत्र में धरतीडांड में मौजूद था कि पता चला अंगद केवट पुत्र रामनरेश केवट निवासी धरतीडांड, थाना बीजपुर, जिला सोनभद्र का एक सक्रिय गैंग है, जिसका वह गैंग लीडर है। जिसके सक्रिय सदस्य मुन्नीलाल पनिका पुत्र रामभजन और श्यामलाल पनिका पुत्र रामकुंवर पनिका निवासीगण सिसवा झापर, थाना बभनी, जिला सोनभद्र हैं। इनलोगों ने 15 मई 2021 को मंगेतर के साथ दर्शन करने गई युवती के साथ सामूहिक बलात्कार किए थे। लोगों में भय पैदा कर आर्थिक लाभ हेतु कार्य करना इनलोगो का एकमात्र कार्य है। यहीं वजह है कि इनके विरुद्ध कोई भी मुकदमा लिखवाने अथवा गवाही देने की जुर्रत नहीं करता है। जिसकी वजह से इनका वर्चस्व कायम है। इस तहरीर पर इनके विरुद्ध बीजपुर थाने में गैंगस्टर एक्ट में एफआईआर दर्ज किया गया है। विवेचना के उपरांत पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक मनोज कुमार सिंह ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। इसी मामले में सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्को को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर यह पाया कि सामूहिक बलात्कार के मामले में 22 अगस्त 2023 को संबंधित न्यायालय ने तीनो को दोषसिद्ध पाकर आजीवन कारावास जीवन के अंतिम सांस तक के लिए और अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायालय ने दोषसिद्ध पाकर गैग लीडर अंगद केवट, मुन्नीलाल पनिका और श्यामलाल पनिका को 10- 10 वर्ष की कैद एवं 10- 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से शासकीय अधिवक्ता गैंगस्टर कोर्ट धनंजय शुक्ला ने बहस की।

# एनटीपीसी सिंगरौली के तृतीय चरण के विस्तारीकरण हेतु कार्यवाही जारी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** राज्य एवं राष्ट्र के विकास को समर्पित शक्तिनगर सोनभद्र स्थित, एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना 800 मेगा वॉट की दो यूनिट लाने की योजना के साथ विस्तारीकरण हेतु अग्रसर है। इस विस्तारीकरण के लिए ज्वालामुखी आवासीय परिसर को खाली कराये जाने का कार्य प्रगति पर हैं और काफी हद तक पूरा किया जा चुका हैं। उक्त आवासीय परिसर को खाली कराने का कार्य शासन एवं प्रशासन की मदद से वैधानिक रूप से एवं शांतिपूर्ण ढंग हो रहा हैं। कतिपय अधिवासित व्यक्तियों ने संपदा अधिकारी एनटीपीसी सिंगरौली के आदेश पर न्यायालय से राहत भी मांगी है जिनका निस्तारण सेशन न्यायालय सोनभद्र से होना है। ऐसे ही एक मामले मे उच्च न्यायालय ने वादी को संपदा अधिकारी को एक लाख जमा करने तथा सेशन न्यायालय को सीमित समय मे मामले को निस्तारित करने का आदेश पारित किया है।



# धोखा देने वाली महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।**थाना राबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा शादीशुदा महिला होने के वाद भी शादी के नाम पर पैसा लेने वाली महिला को गिरफ्तारी किया गया श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन व श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी जनपद सोनभद्र महोदय के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रावर्टसगजं सोनभद्र से उ0नि0 रूपेश सिंह मय हमराह का0 अजीत यादव व म0का0 सुनिता यादव व मुकदमा वादी मोहन के साथ देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारंटी, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन हेतु उरमौरा तिराहे पर मौजूद था कि मुखबीर आकर मौके पर सूचना दिया कि साहब जिस मुकदमे मे जो महिला



शादीशुदा है। अपने को शादी को छिपाते हुए पूनः पैसे के लोभ में शादी कर भाग गयी थी वह महिला बिहारी ढ़ाबा मोड़ लोढ़ी सोनभद्र के पास मौजूद है कहीं जाने के फिराक में है यदि जल्दी किया जाए को पकड़ी जा सकती है मुखबिर खास की इस सूचना पर उ0नि0 मय हमराह पुलिसगण व वादी मुकदमा को मुखबिरी सूचना से अवगत कराकर बिहारी ढ़ाबा मोड़ लोढ़ी सोनभद्र के पास पहुंचने ही वाले थे कि कुछ दूर पहले ही मुखबिर खास ने बिहारी ढ़ाबा मोड़ लोढ़ी सोनभद्र के पास खड़ी एक महिला की तरफ इशारा करके बताया कि साहब यह महिला आपके मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्ता हैं तथा मुकदमा वादी द्वारा भी पहचाना गया ।

# स्वागत द्वार गेट का अध्यक्ष ने पिता काटकर किया लोकार्पण

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** नगर पालिका प्रशासन द्वारा रावटसगंज नगर सीमा मार्ग पर तीन स्वागत द्वार का शुक्रवार को पिता काटकर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद द्वारा उद्घाटन किया गया इस दौरान नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि तीन स्वागत द्वारा बनवाया गया है नगर पालिका पर क्षेत्र सीमा में प्रवेश करते ही सर्किट हाउस के समीप एक द्वारा पकड़ी नहर के समीप एक द्वार चंडी माता मंदिर चुर्क रोड के समीप एक द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया गया है सुंदरीकरण व अन्य व्यवस्थाएं जल्द ही उपलब्ध हो जाएगी जिसको लेकर लगभग 18 लाख के लागत से यह द्वारा निर्मित किया गया है नगर पालिका क्षेत्र में विकास को देखते हुए आम जनमानस की सुविधाओं व नगर पालिका क्षेत्र के परिसीमन के आधार पर निर्मित द्वारा से प्रवेश करने वाले हर व्यक्तियों का स्वागत एवं आभार रहेगा। वही नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि भाजपा सरकार पीएम मोदी व सीएम योगी के के साथ नगर विकास मंत्री के नेतृत्व में हर क्षेत्र में विकास कार्य किया जा रहा है जिसको लेकर भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी सभी विकास कार्यों को धरातल पर



लाने के लिए जन-जन तक पहुंच कर इस योजना का लाभ पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं जिसमें नगर पालिका क्षेत्र में हो रहे लगातार विकास वह जिन क्षेत्रों में नहीं हुए हैं विकास उनकी लिस्ट बनाकर उन क्षेत्रों के भी विकास कराया जाने को लेकर कार्य तेजी पूर्वक किया जा रहा है जल्द ही नगर पालिका क्षेत्र के हर वार्ड में हर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी आम जनमानस को हर सुविधा उपलब्ध हो या हमारा दायित्व है जिसका निर्माण आम जनमानस के साथ हम मिलकर कर रहे हैं जल्दी पूर्ण हो जाएगा । इसका लाभ आम जनमानस को मिलना शुरू हो गया है और मिलता रहेगा। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी विजय कुमार यादव, जेई मनीष कुमार सोनकर, विमलेश कुमार रामविलास गुप्ता सभासद अनवर अली दिनेश,मनोज चौबे, अजीत कुमार ,संत सोनी, शनि उपाध्याय, अमित दुबे,राजन गुप्ता,आशीष केशरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# एएनएम ने सीखा कब और कौन सी बीमारी से बचाव के लिए लगाए जाते हैं बच्चों को टीवे

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नोएडा।**नोएडा नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में स्वास्थ्य



कार्यकर्ताओं (एएनएम) को टीकाकरण के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार-शुक्रवार को आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में टीकाकरण की माइक्रो प्लानिंग, टीकाकरण सत्र, वैक्सीन के रखरखाव, व बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया।विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एसएमओ डा. तनवीर अहमद ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को एडवर्स इवेंट फॉलोइंग इम्यूनाइजेशन (एईएफआई), टीकाकरण के माइक्रो प्लान के बारे में बताया। उन्होंने बताया हेड काउंट सर्वे के आधार पर बच्चे और गर्भवती की संख्या की गणना कर सत्र निर्धारित करते हुए बुधवार और शनिवार को टीकाकरण करें। डा. तनवीर ने यह भी बताया कि किस तरह टीकाकरण का विरोध करने वालों को टीका लगवाने के लिए तैयार किया जाता है। उन्होंने बताया ऐसे लोगों को प्रेरित करने के लिए क्षेत्रके प्रभावशाली व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, चिकित्सकों आदि की मदद लें, साथ ही यह बताएं कि टीका पूरी तरह सुरक्षित है। निजी चिकित्सालयों की अपेक्षा सरकार द्वारा उपलब्ध टीकों का रखरखाव ज्यादा बेहतर होता है। यह तमाम बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है।इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बादलपुर के बाल रोग विशेषज्ञ डा. रनवीर सिंह ने बताया कि बच्चे को कौन सी बीमारी से बचाव और किस उम्र में कौन सा टीका लगाया जाता है। उन्होंने वैक्सीन की गुणवत्ता बरकरार रखने के बारे में भी बताया। इसके अलावा उन्होंने हेल्थ इंफॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम (एचआईएमएस) पोर्टल पर समय से रिपोर्टिंग करने पर जोर दिया।

# दिल्ली पुलिस के लचर रवैए के खिलाफ़ डीसीपी पूर्वी दिल्ली कार्यालय पर सीटू और जनवादी महिला समिति का प्रदर्शन

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नोएडा।**नोएडा दिल्ली पुलिस महिला सुरक्षा के लिए ऐप और ऑल वूमेन पीसीआर वैन जैसे कदमों से अपना पीठ थपथपाने में कोई भी कसर नहीं छोड़ती है। परंतु, असल में महिला




हिंसा के मामलों में उसका ढीला रवैया इन सभी दावों की कलई खोल देता है।दिल्ली नगर निगम डीबीसी कर्मी तथा यूनियन नेत्री मधुबाला द्वारा अपने पति अरविंद कुमार के खिलाफ़ पूर्वी दिल्ली के तहत आने वाले न्यू अशोक नगर थाने तथा एसीपी व डीसीपी के समक्ष कुल 12 बार मारपीट, शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना की लिखित शिकायत करने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसी का नतीजा है कि 20.02.2024 को अरविंद कुमार ने अपने रिश्तेदारों समेत मधुबाला और उसकी बहन के साथ जान से मारने के इरादे के साथ हमला किया। इसके बाद भी मधुबाला के सहकर्मियों तथा यूनियन द्वारा दबाव बनाने के बाद ही न्यू अशोक नगर थाना पुलिस ने एफ.आई.आर. दर्ज की, परंतु इसमें संगीन साजिश पूर्ण अपराध के अनुरूप धारा नहीं जोड़ी गई।दिल्ली पुलिस के इस शर्मनाक आचरण के खिलाफ़ आज दिनांक 24.02.2024 को डीसीपी कार्यालय पूर्वी दिल्ली के समक्ष सीटू और जनवादी महिला समिति द्वारा प्रदर्शन किया गया। डीसीपी महोदय को ज्ञापन भी सौंपा गया जिसमें निम्न मांगें रखी गई :
1. दिनांक 20.02.2024 में दर्ज एफ.आई.आर. संख्या 0131/2024 में साजिश पूर्ण संगीन अपराध की धारा 307, 308, 354, 509 जोड़ी जाए। साथ अरविंद और अन्य रिश्तेदारों पर घरेलू हिंसा कानून के तहत 498-ए के लिए भी एफ.आई.आर. दर्ज की जाए।

# फेसबुक पर नाम बदलकर प्रेम जाल मे लड़की को फंसाकर शादी करने वाले रोहन राय कि हुई गिरफ़्तारी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।**प्रकरण- अवगत कराना है कि वादिनी द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर लिखित सूचना दी गयी कि वादिनी



को फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट के माध्यम से अपनी पहचान छिपाकर कथित रोहन राय द्वारा वादिनी से विवाह करने के पश्चात वादिनी को दहेज व धर्म परिवर्तन कराने हेतु जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना राबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0 151/2024 धारा 416, 376, 498ए, 506 भादवि, 3/4 डीपी एक्ट व 3/5(1) उ0प्र0 धर्म परिवर्तन अधिनियम का अभियोग पंजीकत किया गया । उक्त अभियोग से सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) व क्षेत्राधिकारी नगर के मार्गदर्शन में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा साहजेब उर्फ रोहन राय पुत्र रिजबान हुसैन निवासी वार्ड नं0 10 चुर्क बाजार , थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 23 वर्ष को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की गयी ।

# शराब के लिए पैसा नहीं मिला तो, लाठी से पीटकर पत्नी की ली जान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र के पटवध गांव में शुक्रवार की रात शराब पीने के लिए पैसे न मिलने से पति हैवान बन बैठा। लाठी-डंडे से पीटकर पत्नी की जान ले ली। उसने कुल्हाड़ी से भी कई वार किए। बीच-बचाव में आई बेटी को भी घायल कर दिया। पुलिस



ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।पटवध गांव में पंचमुखी मंदिर के पास कौलेश्वर चेरो अपने परिवार के साथ रहता है। शुक्रवार को उसकी पत्नी महराजी (32) लकड़ी बेचकर घर लौटी तो कौलेश्वर उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। महाराजी ने इंकार किया तो उसकी पिटाई करने लगा। इसके बाद वह रुपये छीनकर चला गया। रात करीब दस बजे वह नशे में धुत होकर घर पहुंचा तो फिर पत्नी को पीटने लगा। घर में मौजूद 13 वर्षीय बेटी अपनी मां को बचाने आई तो कौलेश्वर ने उसकी भी पिटाई की। इसके बाद वह घर के बाहर चली गई। देर रात लाठी-डंडे से पीटकर पति ने महराजी की जान ले ली। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर चोपन एसओ विश्वनाथ प्रताप सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। छानबीन के बाद शव को कब्जे में ले लिया।सीओ सिटी राहुल पांडेय ने बताया कि नशे में धुत पति ने लाठी-डंडे से पीटकर महिला की जान ली है। उसके पैर पर कुल्हाड़ी से भी वार किए जाने के निशान मिले हैं। आरोपी पति को गिरफ्तार करते हुए हत्या में प्रयुक्त लाठी भी बरामद कर ली गई है। महिला के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। एएसपी कालू सिंह ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी ली।

# ईडी सीबीआई के दम पर चल रही भाजपा सरकार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** शुक्रवार को आम आदमी पार्टी सोनभद्र की दुद्धी विधान सभा के बीना कोहरवल ग्राउंड में आगामी लोकसभा के चुनाव को देखते हुए बैठक सम्पन्न हो गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रमेश गौतम ने किया और कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार भारती यूथ विंग प्रदेश सचिव ने किया। जिलाध्यक्ष रमेश गौतम ने कहा देश की वर्तमान भाजपा



सरकार में मोदी जी की इमेज धरती से आकाश और पाताल तक गढ़ी जा रही है। के सहारे सारे विपक्षी पार्टियों और उनके नेताओं को भ्रष्टाचारी साबित करके खुद को सबसे ज्यादा ईमानदार बनाने का प्रयास कर रही है। देश के मूलभूत जरूरतों और स्थानीय समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है।आजादी के 75 साल बाद भी सोनभद्र के बुनियादी विकास को गति नही मिल पाई है, दलित आदिवासी बाहुल्य इस जिले में योजनाबद्ध ढंग से कोई कार्यक्रम संचालित नही हुए हैं। बड़े भौगोलिक क्षेत्रफल और दुरूह परिस्थितियों वाला सोनभद्र में 35 गांव ऐसे हैं जहा सड़क के अभाव में एंबुलेंस तक नही पहुंच पाती,आज भी मरीजों को खाट पर रखकर अस्पताल ले जाया जाता है। इसमें सबसे ज्यादा म्योरपुर और चोपन ब्लॉक के गांव हैं। देश की सत्ता सरकार दावा कर रही है भारत विश्व की पांचवी अर्थ्यव्यस्था है अगले दो साल में तीसरी अर्थव्यवस्था हो जायेगी। लेकिन सोनभद्र के दलित आदिवासियो का जीवन आज भी सैकड़ों साल पहले की तरह है। भाजपा शासन में कोयला,गिट्टी,बालू खनन माफियाओं पर अंकुश नहीं है। बिना नंबर प्लेट ट्रक गाड़ियों से ओवर लोड धुलाई की जा रही है। यहां अनपरा से शक्ति नगर बीच हर हफ्ते कोई न कोई सड़क दुर्घटना होती आ रही है।

# जनपद के प्रत्येक ब्लॉक से चयनित एक एक निपुण विधालय को मिला प्रमाण पत्र

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में दिव्यांग बच्चो के कायाकल्पित आवासीय भवन के लोकार्पण व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के निरीक्षण एवं छात्राओ से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असीम अरुण ( राज्यमंत्री : समाज कल्याण ) सहित माननीय सांसद श्री पकौड़ी लाल , संजीव गोंड (समाज कल्याण मंत्री) , जिलाधिकारी , मुख्य विकास अधिकारी रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री एवं उपस्थित अतिथियो द्वारा मां सरस्वती के पूजन अर्चन एवं माल्यार्पण से किया गया । इस आयोजन में अतिथियों द्वारा कायाकल्पित आवासीय भवन का लोकार्पण कार्य भी संपन्न हुआ।कार्यक्रम में कस्तूरबा विद्यालय की बच्चियों द्वारा सुंदर स्वागत गीत ,हिंत्वेप् इदास् व राम आएंगे.....के बोल पर स्वागत नृत्य की प्रस्तुति की गई। संवाद कार्यक्रम में छात्राओ द्वारा माननीय मंत्री महोदय से उनके प्रेरणादायी जीवन के मूल मंत्र संबंधित प्रश्नों के भावपूर्ण उत्तर प्राप्त किए गए।इस आयोजन में जनपद के प्रत्येक ब्लॉक से चयनित एक एक निपुण विधालय को प्रमाण पत्र भी वितरित किया। इस मौके पर अपर जिला सूचना अधिकारी विनय सिंह ,समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव



, डीपीआरओ , उप शिक्षा निदेशक/डायट प्राचार्य प्रकाश सिंह,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ,ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत ,एऊश् रॉबर्ट्सगंज निखिल कुमार पंचायत सहित शिक्षा विभाग के व कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन प्रभारी वंदना देवी,पूर्ण कालिक शिक्षिका प्रियंका सिंह , बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक शिक्षिकाओं, मीडिया व पत्रकार बंधुओ सहित सैकड़ो छात्राओं ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का सफल सुंदर संचालन शिक्षक आनंद त्रिपाठी द्वारा किया गया ।निपुण विद्यालय पुरस्कार प्राप्त विद्यालयों में. प्राथमिक विद्यालय इस्लामिया(रावटसगंज ),प्राथमिक विद्यालय कर्री (दुद्धी ),कंपोजिट विद्यालय सेहुआ (चतरा) , प्राथमिक विद्यालय कठपुरवा (घोरावल), प्राथमिक विद्यालय मिश्री (कोन), प्राथमिक विद्यालय अजनगिरा (म्योरपुर), प्राथमिक विद्यालय नवाटोला 3 कंपोजिट विद्यालय पापी (करमा), प्राथमिक विद्यालय ओबरा (चोपन) को निपुण चयनित विद्यालय होने के उपलक्ष्य में बधाइयां एवं शुभकामनाएं.।

# लोकसभा चुनाव की तारीख का हो गया एलान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** देश में इस साल होने वाले आम चुनाव किस महीने होने वाला है वहीं, चुनाव नतीजे कब आएंगे? ऐसे कई सवालों को जवाब जानने के लिए देशवासी उत्सुक हैं।सोशल मीडिया पर तेजी से यह खबर फैल रही है कि 12 मार्च को लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान हो सकता है। नॉमिनेशन फाइल करने की आखिरी तारीख 28 मार्च है। वही 19 अप्रैल को चुनाव होने वाले हैं और 22 मई को रिजल्ट सामने आएंगे। यह खबर झूठी है। चुनाव आयोग ने एक्स हैंडल पर इस झूठी खबर की जानकारी साझा की।सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर यह खबर शेयर की जा रही है। इस मामले पर चुनाव आयोग ने प्रतिक्रिया दी है। चुनाव आयोग ने एक्स पर पर पोस्ट किया, व्हाट्सएप पर लोकसभा चुनाव 2024 के शेड्यूल के बारे में एक फर्जी संदेश साझा किया जा रहा है। फैक्ट चेक में पता चला कि यह संदेश फर्जी है। चुनाव आयोग द्वारा अब तक किसी तारीख की घोषणा नहीं की गई है।

# शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता, जन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयवद्ध ढंग से होना आवश्यक

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।**मीरजापुर 24 फरवरी 2024- जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश के अनुपालन में मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार में आई0जी0आर0एस0 की बैठक कर प्रगति के बारे में जानकारी ली गयी। मुख्य राजस्व अधिकारी ने कहा कि निर्देशित करते हुये पोर्टल अपलोड करने पहले गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हुआ है अथवा इसका परीक्षण करने के उपरान्त ही आख्या अपलोड की जाये। उन्होने कहा कि हाथ से लिखी आख्या अपलोड करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि आख्या निस्तारण करने से पूर्व यदि भूमि




शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि जन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयवद्ध ढंग से होना चाहिए। उन्होने कहा कि कहा कि लोगों की सहूलियत के लिए सरकार की ओर से आइ0जी0आर0एस0 सिस्टम लागू किया गया है। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी ने सभी विभागध्यक्षो को पर अवैध कब्जा, जमीन विवाद, पट्टा आवंटन आदि में अधिकारी स्थल पर पहुंचकर दोनो पक्षो को बुलाकर मौके पर निस्तारित करते हुये जी0पी0एस0 फोटोयुक्त आख्या पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि पोर्टल पर जिन अधिकारियों का नाम व मोबाइल नम्बर अपलोड नही है।

# आज जंगल सफारी करेंगे मेहमान, बेहद खास है दूसरे दिन का हर इंतजाम


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरपर्सन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत के प्री वेडिंग फंक्शन का आगाज जामनगर में हो चुका है। तीन दिन भी खास तरह से किया गया है।अनंत और राधिका की प्री वेडिंग सेरेमनी का आज दूसरा दिन है। आज पहले दिन के मुकाबले कुछ कम इवेंट्स हो सकते हैं, लेकिन अंबानी परिवार का बाद रात में डांस का इंतजाम किया गया है, जिसमें सभी मेहमान डांस और म्यूजिक का लुत्फ उठाएंगे। इस इवेंट का ड्रेस कोड 'साउथ एशियन अटायर' है। ये मेहमान जमाएंगे



तक चलने वाले इस भव्य समारोह के पहले दिन के फंक्शन धूमधाम से पूरे हुए। हॉलीवुड सिंगर रिहाना की परफॉर्मेंस पूरे दिन छाई रही, तो बी टाउन सेलिब्रिटीज ने भी अपनी प्रेजेंस से चार चांद लगा दिए। अब बारी है फंक्शन के दूसरे दिन की। जामनगर में अंबानी परिवार के बेहद प्री वेडिंग के हर फंक्शन का बेहद खास अंदाज में आयोजन किया गया है। पहले दिन हॉलीवुड सिंगर रिहाना ने धांसू स्टेड पर्फॉर्मेंस देकर सबको हैरत में डाल दिया। इवेंट से रिहाना के वीडियो काफी पसंद किए जा रहे हैं। वहीं आज फंक्शन का दूसरा दिन है जिसका हर इंतजाम पहले दिन से यह स्पेशल ओकेजन किसी त्योहार के सेलिब्रेशन से कम नहीं होगा। पहले दिन जहां स्टार्स ने धमाकेदार स्टेज परफॉर्मेंस दी, वहीं दूसरे दिन अंबानी परिवार अपने मेहमानों को सैर कराएगा।अनंत और राधिका के प्री वेडिंग सेरेमनी के दूसरे दिन सभी मेहमानों को जामनगर स्थित अंबानी एनिमल रेस्क्यू सेंटर ले जाया जाएगा। 2 मार्च को होने वाले इस इवेंट की थीम 'ए वॉक ऑन द वाइल्डसाइड' है। इस इवेंट का ड्रेसक कोड 'जंगल फीवर' तय किया गया है।शाम को 'मेला रूज' का आयोजन होगा। इसमें फंक्शन में शामिल सभी मेहमान एक्टीविटीज करते नजर आएंगे। इसके रंगअनंत और राधिका के प्री वेडिंग सेरेमनी के दूसरे दिन सभी मेहमानों को जामनगर स्थित अंबानी एनिमल रेस्क्यू सेंटर ले जाया जाएगा। 2 मार्च को होने वाले इस इवेंट की थीम 'ए वॉक ऑन द वाइल्डसाइड' है। इस इवेंट का ड्रेसक कोड 'जंगल फीवर' तय किया गया है।शाम को 'मेला रूज' का आयोजन होगा। इसमें फंक्शन में शामिल सभी मेहमान एक्टीविटीज करते नजर आएंगे। इसके बाद रात में डांस का इंतजाम किया गया है, जिसमें सभी मेहमान डांस और म्यूजिक का लुत्फ उठाएंगे। इस इवेंट का ड्रेस कोड 'साउथ एशियन अटायर' है।

## सूफी नाइट में 'दूल्हे' संग सुरभि चंदना ने किया रोमांटिक डांस

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री सुरभि चंदना आज मिस से मिसेज बन जाएंगी। सुरभि की शादी की रस्में 1 मार्च से शुरू हो गई हैं। कल अभिनेत्री की मेहंदी और संगीत सेरेमनी थी। पिया के नाम की मेहंदी लगाने के बाद सुरभि ने दूल्हे राजा के साथ संगीत फंक्शन का लुत्फ उठाया। टीवी एक्ट्रेस शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। वह जयपुर में लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड के साथ आज शादी कर लेंगी। बीते दिन सुरभि और करण की मेहंदी सेरेमनी थी। शाम को कपल ने अपनी सेरेमनी हुई।सुरभि चंदना और करण शर्मा ने अपनी संगीत सेरेमनी में डांस से तहलका मचाने की बजाय सूफी नाइट का इंतजाम किया था। कपल की सूफी नाइट से झलकियां सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। सूफी नाइट में सुरभि और करण ने राहत फतेह अली खान के गाने 'आफरीन आफरीन' पर रोमांटिक डांस किया। वह अपने होने वाले पति करण की बाहों में मदहोश होकर डांस करती दिखीं।अपने फैशन के लिए हमेशा लाइमलाइट बटोरने वाली सुरभि चंदना ने अपने सूफी नाइट में ब्लैक कलर का आउटफिट कैरी किया।



संगीत सेरेमनी एन्जॉय की। होने वाले दूल्हा और दुल्हन की सूफी नाइट का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। देखें यहां।34 साल की सुरभि चंदना जयपुर के पास स्थित चोमू जिला के चोमू पैलेस होटल में लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड करण शर्मा के साथ आज यानी 2 मार्च 2024 को शादी रचाने जा रही हैं। शादी से पहले कपल की मेहंदी-संगीत एक्ट्रेस ने ब्लैक शिमरी प्लाजो और क्रॉप टॉप के साथ श्रग से अपने लुक को स्टाइल किया था। ज्वेलरी, सॉफ्ट कर्ल हेयर और ग्लॉसी मेकअप में सुरभि कमाल की लग रही थीं। वहीं, उनके दूल्हे राजा करण ने अपनी लेडी लव को ब्लैक शिमरी आउटफिट में ट्विन किया।सुरभि चंदना और करण शर्मा ने एक-दूसरे को करीब 10 साल तक गुपचुप डेट किया।

# देवोलीना भट्टाचार्जी पर टूटा दुखों का पहाड़ एक्ट्रेस के करीबी का हुआ मर्डर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी ने अपने फैंस के साथ एक बुरी खबर शेयर की है। उन्होंने ट्वीट कर बताया कि उनके दोस्त की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। देवोलीना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मदद की गुहार लगाई है। साथ निभाना साथिया फेम एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अक्सर फैंस के साथ मस्तीभरे मोमेंट्स से संबंधित ट्वीट करने वालीं देवोलीना भट्टाचार्जी के करीबी को गोली मार दी गई है। एक्ट्रेस ने ट्वीट करते हुए इस खबर को शेयर करने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मदद की गुहार भी लगाई है। एक्ट्रेस के ट्वीट पर फैंस ने संवेदना व्यक्त की है।एक्ट्रेस ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उनके दोस्त अमरनाथ घोष की अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी है। ये घटना मंगलवार, 27 फरवरी की शाम घटी थी। देवोलीना ने अपने पोस्ट में पीएम मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर को भी टैग किया है। उन्होंने अपने दोस्त के पार्थिव शरीर को वापस लाने में मदद की गुहार लगाई है।देवोलीना ने लिखा, 'मेरे दोस्त अमरनाथ घोष



की मंगलवार शाम को अमेरिका के सेंट लुइस अकादमी के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। परिवार में इकलौता था। उसकी मां की तीन साल पहले मौत हो गई थी, पिता का बचपन में ही निधन हो गया था। लेकिन आरोपियों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका। उसके कुछ दोस्तों के अलावा परिवार में और कोई नहीं बचा, जो उसके लिए लड़ सके।' एक्ट्रेस ने बताया कि वह कोलकाता का रहने वाला था।देवोलीना ने आगे लिखा, 'वह कमाल का डांसर था और पीएचडी कर रहा था। वह शाम को वॉक पर निकला था कि अचानक एक अज्ञात शख्स ने गोली मार दी।

# बॉक्स ऑफिस पर कैसा रहा आमिर की लापता लेडीज का हाल कलेक्शन जान चौंक जाएंगे

**नई दिल्ली।** साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक लापता लेडीज के रिलीज होने का लम्बे समय से इंतजार किया जा रहा था। एक अलग कहानी लेकर आए आमिर खान ने नई स्टार खान की निर्मित मूवी ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर कितना कमाया, यहां जानते हैं कलेक्शन।लापता लेडीज का सामना मानुषी छिल्लर और वरुण तेज की फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन से हुआ। यूं तो आमिर और



कास्ट के साथ यह फिल्म बनाई। 1 मार्च को यह मूवी सिनेमाघरों में उतरी और कहानी ने लोगों का दिल छुआ। 1 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई।के निर्देशन में बनी फिल्म को अच्छा रिव्यू मिला है लेकिन यह मूवी बॉक्स ऑफिस पर कैसी रही। यह जानकर आप चौंक जाएंगे। फिल्म में नितांशी गोयल प्रतिभा रांटा स्पर्श श्रीवास्तव रवि किशन छाया कदम और गीता अग्रवाल जैसे कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई है।लापता लेडीज का निर्देशन किरण राव ने किया है। फिल्म में नितांशी गोयल, प्रतिभा रांटा, स्पर्श श्रीवास?तव, रवि किशन, छाया कदम और गीता अग्रवाल जैसे कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई है। आमिर वरुण की फिल्म का बहुत बड़ा क्लैश नहीं था, लेकिन असर तो पड़ा। आमिर की फिल्म से ज्यादा वरुण तेज की ऑपरेशन वैलेंटाइन ने कर दी है। एक तरफ इस फिल्म ने 1.25 करोड़ का कारोबार किया है। दूसरी ओर, लापता लेडीज लाखों में ही सिमट गई है।सैकनिल्क के अर्ली ट्रेड के मुताबिक, आमिर खान निर्मित लापता लेडीज ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन सिर्फ 65 लाख रुपये का कारोबार किया है। हालांकि, सही आंकड़े इससे ज्यादा या कम भी हो सकते हैं। शुक्रवार का बिजनेस भले ही ज्यादा सही न रहा हो, लेकिन शनिवार और रविवार से उम्मीद है कि कमाई में उछाल आ सकता है।

## प्री वेडिंग के पहले दिन हैंडसम लग अनंत अंबानी बहन ईशा से लेकर दीपिका तक इन स्टार्स का भी फर्स्ट लुक आया सामने


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट का प्री वेडिंग सेलिब्रेशन शुरू हो चुका है। पहले दिन के सेलिब्रेशन की अब कुछ तस्वीरें और वीडियो भी सोशल मीडिया पर आना शुरू हो गई है। साथ ही कई स्टार्स ने भी अपने पहले दिन का लुक रिवील कर दिया है।1 मार्च को अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री वेडिंग सेलिब्रेशन का पहला दिन था। इस दिन कॉकटेल ड्रेस कोड के साथ रिहाना की परफॉर्मन्स तक काफी कुछ हुआ। अब इस सेलिब्रेशन से अनंत अंबानी और ईशा अंबानी के साथ-साथ कई स्टार्स के पहले दिन वाले लुक की तस्वीरें सामने आ गई हैं। दीपिका और कियारा ने यहां अपने हुस्न का जलवा बिखेरा।बता दें कि यह प्री वेडिंग सेलिब्रेशन तीन दिनों तक चलने वाला है, जो 1 मार्च से शुरू हुआ है और 3 मार्च तक चलने वाला है।अनंत अंबानी का प्री वेडिंग लुक सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इंस्टेंट बॉलीवुड ने भी अनंत के प्री वेडिंग लुक की पहली तस्वीर शेयर की है। इस फोटो में देखा जा सकता है कि अनंत प्री वेडिंग के पहले सिल्क ऑरेंज कलर के कुर्ते-पजामे में नजर आए। इसके साथ ही उनकी नेहरू जैकेट में गणपति का एक ब्रोच भी नजर आया।ईशा अंबानी भी भाई अनंत के प्री वेडिंग ने काफी खूबसूरत लग रही थीं। ईशा ने पेस्टल ऑफ शोल्डर गाउन पहना, जिसमें वो बेहद खूबसूरत लग रही लगाए बेहद हैंडसम दिखे, तो वहीं दीपिका ऑल ब्लैक लुक में नजर आईं।प्री वेडिंग पार्टी में जेनेलिया डिसूजा ने लॉन्ग ब्लैक गाउन पहना



थीं। इसके साथ ही उन्होंने गले में हेवी नेकपीस से अपने इस लुक को कम्प्लीट कियादीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने भी पार्टी के लिए पूरी तैयारी की। इस कपल ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई फोटोज भी शेयर की, जिसमें देखा जा सकता है कि रणवीर ऑल व्हाइट लुक के साथ ब्लैक शेड्स और इस ऑफ शोल्डर गाउन के साथ उन्होंने अपने बालों में हाई बन बनाया हुआ था। वहीं, रितेश व्हाइट कोट में दिखाई दिए कॉकटेल पार्टी में कियारा आडवाणी ने भी ब्लैक बॉडीकॉन गाउन पहना। इस डीप नेक-वन शोल्डर बिग फ्लॉवर वाली ड्रेस में एक्ट्रेस काफी हॉट लग रही थीं।

# आसान नहीं था टाइगर श्रॉफ का फिल्मी सफर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसे स्टार किड्स हैं, जिन्होंने अपने परिवार के लोगों की तरह ही फिल्मी दुनिया में कदम रखा और अपनी पहचान बनाई। इन्हीं में से एक हैं टाइगर श्रॉफ। टाइगर ने भी अपने पिता जैकी श्रॉफ की तरह दमदार अभिनय दिखा कर लोगों को अपना दीवाना बनाया।बॉलीवुड अभिनेता 2 मार्च को अपना 34 वां जन्मदिन मनाने जा रहे हैं। उन्होंने बॉलीवुड में हीरोपंती से डेब्यू किया और इसके बाद हीरोपंती 2 बागी जैसी कई फिल्मों में काम किया। हालांकि टाइगर का ये फिल्मी सफर बेहद भी आसान नहीं था। चलिए आज टाइगर श्रॉफ के जन्मदिन पर जानते हैं उनसे जुड़ी कुछ दिलचस्प सी बातें।टाइगर श्रॉफ 2 मार्च को अपना 34वां जन्मदिन सेलिब्रेट करने वाले हैं। इस खास दिन पर चलिए जानते हैं उनके बारे में कुछ दिलचस्प बातें।टाइगर श्रॉफ के लिए उनका ये सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। हालांकि, इसके लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की और बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाई। एक्टिंग के लिए टाइगर ने अपनी पढ़ाई को भी बीच में ही छोड़ दिया था। आपको जानकर हैरानी होगी कि एक्टर का असली नाम जय हेमंत श्रॉफ है, लेकिन बचपन में उनके



पिता जैकी उन्हें टाइगर बुलाते थे। इस वजह से उनका नाम टाइगर श्रॉफ पड़ गया।टाइगर ने 2019 में दैं मैगजीन को दिए एक इंटरव्यू में अपने बुरे दिनों को याद करते हुए बताया था कि साल 2001 में उनकी मम्मी के प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'बूम' लीक होने की वजह से बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुई थी। इसकी वजह से बहुत नुकसान हुआ और हमारी आर्थिक स्थिति बिगड़ गई।टाइगर ने कहा था, उस वक्त वो सिर्फ 11 साल के थे। उन्होंने अपने घर का सारा सामान, फर्नीचर एक-एक करके बिकता हुआ देखा। यहां तक कि उनके कमरे का बेड भी चला गया था।

## राधिका मर्चेंट और अनंत के प्री-वेडिंग में अंबानी परिवार के साथ झूमी रिहाना


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।**राधिका मर्चेंट और अनंत अंबानी के प्री-वेडिंग फंक्शन में देश-विदेश से कई नामी सितारे आए। 1 मार्च की शाम और भी रंगीन हो गई,



जब सिंगिंग सेंसेशन रिहाना ने अपनी आवाज का जादू चलाया। वह पहली बार भारत में कॉन्सर्ट कर रही थीं, वो भी राधिका और अनंत के प्री-वेडिंग फंक्शन में।दुनिया की मशहूर रिकॉर्डिंग आर्टिस्ट्स में से एक ने पहली बार भारत में कॉन्सर्ट किया।के प्री-वेडिंग फंक्शन में रिहाना ने शानदार परफॉर्मेंस दिया। कॉन्सर्ट के तुरंत बाद ही रिहाना भारत से रवाना हो गईं। जामनगर एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं रिहाना ने अपने कॉन्सर्ट का एक्सपीरियंस शेयर किया है। उन्होंने कहा कि वह फिर भारत आना चाहती हैं।राधिका मर्चेंट और अनंत अंबानी के प्री-वेडिंग के लिए हॉलीवुड सिंगर रिहाना गुरुवार को भारी लगेज और अपने प्राइवेट इंस्ट्रूमेंट्स के साथ जामनगर पहुंची थीं। रिहाना के स्वागत और सिक्योरिटी में अंबानी ने कोई कसर नहीं छोड़ी थी। शुक्रवार की रात रिहाना ने अपनी शानदार परफॉर्मेंस से यादगार बना दिया। राधिका और अनंत के प्री-वेडिंग फंक्शन के तुरंत बाद रिहाना वहां से निकल गई हैं। तड़के सुबह उन्हें जामनगर एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। इस दौरान वह हाथ में एक थैंक्यू का बोर्ड लिए हुई थीं।

# मर्डर इनवेस्टिगेशन ने संभाला सनफ्लॉवर का दूसरा सीजन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** सनफ्लॉवर वेब सीरीज का दूसरा सीजन 2 साल के इंतजार के बाद जी5 पर एक मार्च को रिलीज सीजन को लेकर उत्सुकता की वजह सुनील ग्रोवर ही थे, जो तांडव में संजीदा रोल निभाने के बाद इस सीरीज के जरिए ओटीटी पर लौट




हो गया। विकास बहल क्रिएटेड सनफ्लॉवर डार्क कॉमेडी में लिपटी मर्डर मिस्ट्री है। सुनील ग्रोवर के साथ कई अच्छे अभिनेता इस शो की मुख्य स्टार कास्ट में शामिल हैं। का दूसरा सीजन जी5 पर रिलीज हो गया है। इसमें आठ एपिसोड्स हैं। सुनील ग्रोवर के साथ अदा शर्मा इस बार लीड रोल में हैं। सुनील का किरदार एक कॉस्मेटिक कम्पनी में सेल्समेन के पद पर है और उसे ओसीडी है। वहीं अदा शर्मा बार डांसर है जिसका राज कपूर के कत्ल से गहरा संबंध है। दूसरा सीजन इनवेस्टिगेशन की लाइन पर ज्यादा है।सनफ्लॉवर ऐसी सीरीज नहीं है, जिसका बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। पहले रहे थे।हालांकि, मर्डर मिस्ट्री सीरीज में कॉमेडी की छौंक के साथ सुनील ने अपनी तरफ से रंग जमाने की कोशिश की थी, मगर कहानी के बिखराव और किरदारों का अतिरंजना ने समग्र प्रभाव को कम कर दिया था।दूसरा सीजन पहले के मुकाबले बहुत मजबूत तो नहीं है, मगर मर्डर मिस्ट्री के प्लॉट को प्रमुखता मिलने से कम बोर करता है। इस बार कुछ ट्विस्ट्स हैं और किरदारों के चेहरों के मुखौटे उतरते हैं। सुनील की छवि एक कॉमेडियन की रही है। इस सीरीज में भी वो अपने उसी अंदाज में नजर आते हैं, मगर सस्पेंस की छौंक के साथ।

# शाहिद-कृति की फिल्म ने पूरा किया तीन हफ्तों का सफर जानें- अब तक कमाए कितने करोड़


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** शाहिद कपूर और कृति सेनन की फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा परफॉर्म किया।शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने थिएटर्स में तीन हफ्तों का



उलझा जिया' की फिल्म ने थिएटर्स में तीन हफ्तों का सफर पूरा कर लिया है। इस दौरान फिल्म ने कुछ अच्छे, तो कई बुरे दिन देखे। आइए जानते शाहिद कपूर और कृति सेनन की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कैसा सफर पूरा कर लिया है। अकेले रिलीज हुई थी लेकिन अब मुकाबले में कई दूसरी फिल्में आ गई है। इस कड़े मुकाबले के बीच भी तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया लगातार आगे बढ़ने की कोशिश कर रही है।तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' एक रोमांटिक फिल्म है, लेकिन साइंस के ट्विस्ट के साथ। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने ठीक- ठाक शुरुआत की थी, लेकिन धीरे- धीरे फिल्म की रफ्तार थमती गई।'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' के बिजनेस को सबसे ज्यादा बूस्ट वैलेंटाइन वीक के दौरान मिला। इसके अलावा वीकेंड पर भी फिल्म ने बिजनेस बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। हालांकि, इतनी मशक्कत के बाद भी शाहिद और कृति की फिल्म 100 करोड़ क्लब में एंट्री नहीं कर पाई।'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने अब बॉक्स ऑफिस पर तीसरा हफ्ता भी पूरा कर लिया है। फिल्म के लेटेस्ट कलेक्शन की ओर नजर डाले, तो सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने सोमवार को 80 लाख और मंगलवार को भी 80 लाख कमाए। वहीं, बुधवार को कमाई 85 लाख रुपये रही।

## एक हफ्ते में भर गयी 'आर्टिकल 370' की झोली, सबको पीछे छोड़ कर डाला इतना बिजनेस


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** यामी गौतम और प्रियामणि स्टारर फिल्म 'आर्टिकल 370' ने बॉक्स ऑफिस पर लगातार अपनी पकड़ मजबूत बनाई हुई है। ये पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म हर दिन करोड़ों में खेल रही है। लगभग 20 की सबसे बेहतरीन फिल्म माना जा रहा है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस फिल्म की रिलीज को एक हफ्ता पूरा हो चुका है। मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर अब तक कितनी कमाई की है, चलिए जानते हैं।आर्टिकल-370 की जिम्मेदारी दो टैलेंटेड



करोड़ के बजट में बनी यामी गौतम की आर्टिकल 370 ने इस आंकड़े को तो पहले ही पार कर लिया है और अब बस फिल्म प्रॉफिट कमा रही है। और प्रियामणि स्टारर फिल्म370 को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक हफ्ता पूरा हो चुका है। 23 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली इस मूवी ने वीक डेज पर अन्य फिल्मों के मुकाबले घरेलू दें पर अच्छी पकड़ बनाए रखी। आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने एक हफ्ते में इंडिया में टोटल कितना कलेक्शन किया चलिए देखते हैं। द सर्जिकल स्ट्राइक के बाद आर्टिकल -370 को यामी गौतम के करियर अभिनेत्रियों ने अपने कंधे पर उठाई। यामी गौतम और प्रियामणि स्टारर इस फिल्म का पहला वीकेंड काफी अच्छा बीता था। हालांकि, सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में जैसे ही गिरावट आई, तो हर किसी को यह लगा कि फिल्म का भट्ठा अब जल्द ही बैठ जाएगा।हालांकि, ऐसा होता नहीं दिखा और आर्टिकल-370 ने पूरे हफ्ते खुद को घरेलू बॉक्स ऑफिस पर संभाला। सैकनलिक.कॉम की रिपोर्ट्स के मुताबिक, यामी गौतम और प्रियामणि की इस फिल्म ने गुरुवार को बॉक्स ऑफिस पर सिंगल डे में लगभग 3 करोड़ की कमाई की है।

# 'दो पत्ती' से लेकर 'टू किल ए टाइगर' तक इस साल नेटफ्लिक्स पर धूम मचाएंगी ये फिल्में

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स ने आज




गुरुवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साल 2024 में रिलीज होने वाली कई नई फिल्मों की जानकारी शेयर की है। इसमें काजोल और कृति सेनन स्टारर 'दो पत्ती' से लेकर ऑस्कर नॉमिनेटेड फिल्म 'टू किल ए टाइगर' तक शामिल है।फिल्म लवर्स के लिए यह साल काफी बेहतरीन होने वाला है। इस साल नेटफ्लिक्स पर एक से बढ़कर एक नई फिल्म रिलीज होने वाली है। इस बात की जानकारी आज ओटीटी प्लेटफॉर्म ने दे दी है। इसमें दो पत्ती से लेकर टू किल ए टाइगर तक कई मूवीज देखने को मिलने वाली है। इसके अलावा अनुपम खेर जुनैद खान समेत कई सेलेब्स की मूवी हैं।नेटफ्लिक्स ने कृति सेनन और काजोल स्टारर 'दो पत्ती' का टीजर जारी कर दिया है। शशांक चतुर्वेदी के निर्देशन में बनी यह फिल्म सस्पेंस थ्रिलर होने वाली है, जिसमें काजोल पहली बार कॉप का किरदार निभाएंगी।

## मनीषा से पहले बिहार की इन बेटियों ने भी मुंबई में कमाई खूब शोहरत

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** बिहार के छोटे से गांव से आई मनीषा रानी अब सबके दिलों की शहजादी बन चुकी हैं। सोशल मीडिया पर बतौर इंफ्लुएंसर



अपना करियर शुरू करने वाली11 की विजेता मनीषा रानी ने रियलिटी शोज से हर किसी का दिल जीता है।11 की ट्रॉफी जीतकर मनीषा रानी ने हाल ही में बिहार का नाम रोशन कर दिया है। पिछले दिनों की एक वीडियो सामने आया था जिसमें मनीषा रानी की जीत के लिए वहां लोग दुआएं करते हुए नजर आए थे। वैसे झलक दिखला जा 11 की विजेता मनीषा रानी से पहले ये बिहार की बेटियों ने मुंबई में संघर्ष किया और खूब नाम कमाया है।मनीषा रानी बिहार के एक छोटे से गांव से ताल्लुक रखती हैं। उन्होंने झलक दिखला जा के मंच पर अपने माता-पिता के अलग होने से लेकर अपने संघर्ष के बारे में बताया था। सलमान खान के विवादित शो बिग बॉस ओटीटी 2 से मनीषा रानी चर्चा में आई थीं, जहां उन्होंने अपने मुंह फट अंदाज और सादगी से हर किसी को दीवाना बनाया।जब झलक दिखला जा 11 में मनीषा वाइल्ड कार्ड एंट्री बनकर आईं और लोगों ने डांस के प्रति उनके पैशन को देखा, तो उन्हें भरपूर समर्थन दिया।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा
श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.
1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं
आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2012/41154
website:www.adhuniksamachar.com

नोट:- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।